# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025





32 Years of Experience
II HARE KRISHNA II
SINGHANIA™
BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993
DIWALI SPECIAL OFFERS
घर हो या फ्लैट,
बस एक ही नाम
सिंघानिया बिल्डकॉन
2, 3 & 4 BHK SPACIOUS APARTMENT
COMMERCIAL SHOP, OFFICE SPACE
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Near AIIMS, Hirapur Chowk, Raipur
PRICE STARTING FROM ₹28.00 Lakh Onwards
HARSHIT LANDMARK
FOR BOOKING : 8302 321 321
HARSHIT GOLD CITY
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
PLOT : 600-1700 SQ.FT.
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Vidhansabha Road, Nardaha Raipur
PRICE STARTING FROM ₹10.90 Lakh Onwards
HARSHIT GOLD CITY
FOR BOOKING : 9827 321 321
LAST 5 PLOTS LEFT!
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
PLOT : 500-3000 SQ.FT.
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Opp. D-Mart, Raipura, Raipur
PRICE STARTING FROM ₹28.00 Lakh Onwards
HARSHIT URBAN CITY
FOR BOOKING : 9827 321 321
*T&C Apply
Fully Developed Road
Water Supply Line
Temple
Street lights
Garden
Security Service
Rain Water Harvesting
Transformer
Water Tank
Natural Environment
Covered Campus
आपका अपना घर, फ्लैट आज ही बुक करें!
9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com
Credai Member CREDAI Chhattisgarh
RERA APPROVED

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025


### नए विधानसभा भवन का होगा उद्घाटन

*तीन सौ करोड़ से ज्यादा की लागत वाले विधानसभा भवन में विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष, मुख्यमंत्री का कक्ष तथा सम्पूर्ण परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। विधानसभा 52 एकड़ में बना है। यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया गया है। परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। डेढ़-डेढ़ एकड़ क्षेत्र में दो प्रस्तावित सरोवर, विकसित किए जा रहे हैं। 30 सितंबर को भवन, छत्तीसगढ़ विधानसभा को हैंडओवर कर दिया जाएगा। 300 किलोवाट का सोलर पैनल छत्तीसगढ़ विधानसभा में लगाया गया है। स्पीकर से लेकर सीएम, नेता प्रतिपक्ष, सभी मंत्रियों के लिए अलग कक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा विधायकों के लिए भी सदन के बाहर बैठने के लिए अलग व्यवस्था की गई है।*

**रास्ते में कई स्थानों पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति से होगा स्वागत, रोड शो होगी, कार्यकर्ता और जनता जुटेगी**

# एयरपोर्ट से नवा रायपुर तक, पीएम मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी, रोड शो संभव, प्रदेशभर से हजारों लोग जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए 31 अक्टूबर को ही रायपुर पहुंच जाएंगे। शाम को यहां पहुंचने पर जहां विमानतल पर उनका भव्य स्वागत होगा, वहीं विमानतल से लेकर नया रायपुर तक कई स्थानों में उनका छत्तीसगढ़ी संस्कृति से स्वागत होगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। हजारों की संख्या में आमजन और भाजपा के भी कार्यकर्ता जुटेंगे। नया रायपुर में जहां 31 अक्टूबर को पीएम मोदी ब्रम्हाकुमारी के नए शांति शिखर भवन का उद्घाटन करेंगे, वहीं एक नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर नवा रायपुर में विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### विमानतल पर होगा भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार यहां पर दो दिनों तक रहेंगे। वे 31 अक्टूबर को यहां पहुंच जाएंगे। जब वे शाम को 7 से 7.30 बजे के बीच रायपुर पहुंचेंगे तो उनका विमानतल पर भव्य स्वागत होगा। उनके स्वागत में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही पूरा मंत्रिमंडल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश के सभी सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, ▶▶|शेष पेज 5 पर



### ब्रम्हाकुमारी के शांति शिखर भवन का उद्घाटन

पीएम मोदी विमानतल से सीधे नया रायपुर के सेक्टर 11 पहुंचेंगे जहां पर वे ब्रम्हाकुमारी के नए शांति शिखर भवन का उद्घाटन करेंगे। यह भवन एक रिट्रीट सेंटर है जो आत्म विकास, शांति आध्यात्मिक अनुभव के लिए बनाया ▶▶|शेष पेज 5 पर


आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹89861/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹109750/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹119802/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ

B.PHARMACY
D.PHARMACY
M.PHARMACY

ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि 13-10-24 से 18-10-24 तक

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी

7222910441/30


## शेयर बाजार में तबाही, क्रिप्टो मार्केट भी दहला, डूबे 177.44 लाख करोड़ रुपए

# चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात नियमों में की सख्ती तो अमेरिका ने लगाया 100% टैरिफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तकनीक के रथ पर सवार 21वीं शताब्दी का उभार बहुत हद तक रेयर अर्थ मिनरल्स पर टिका हुआ है। ये सच्चाई हालांकि किसी से छिपी हुई नहीं है। लेकिन इसमें महारत रखने वाले चीन ने जैसे ही अगले महीने 1 नवंबर से जब इन मिनरल्स के निर्यात नियमों पर और सख्ती लागू की तो जवाब में अमेरिका ने भी समान तारीख से ड्रैगन के सभी उत्पादों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। चीन-अमेरिका के बीच घटे इस पूरे घटनाक्रम से दुनिया के दो बड़े देशों के बीच व्यापार युद्ध गहराने का खतरा बढ़ गया है। जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ेगा।

अमेरिका और चीन रेयर अर्थ मिनरल्स और टैरिफ को लेकर आपस में उलझ गए हैं। इधर, चीन ने टैरिफ का बदला लेने के लिए अपनी सारी क्रिप्टोकरेंसी बेच दी है। इससे क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में भारी तबाही का मंजर देखने को मिला है। शेयर बाजार में गिरावट से अनुमानित 1.75 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। क्रिप्टो और स्टॉक मार्केट को मिला दिया जाए तो निवेशकों को करीब 2 ट्रिलियन डॉलर या 177.44 लाख करोड़ रुपए का लॉस हुआ है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि एक नवंबर से चीन द्वारा व्यापार को लेकर दिखाई जाने वाली अप्रत्याशित सख्ती से अमेरिका भी भली भांति ▶▶|शेष पेज 5 पर

**विश्व की दो महाशक्तियों के बीच छिड़े इस 'ट्रेड वार' का भारत पर भी पड़ेगा असर**

### क्रिप्टो मार्केट में हाहाकार

टैरिफ के झटके के बाद, 11 अक्टूबर को दोपहर 12:42 बजे तक बिटकॉइन 8% से ज्यादा गिरकर 1,11,542.91 यूएस डॉलर पर आ गया। इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 2.22 यूएस ट्रिलियन डॉलर रह गया।



### अब नहीं होगी ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात

डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने के अंत में साउथ कोरिया में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने की अपनी योजना पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चीन ने दबाई ट्रंप की दुखती नस

चीन ने 100 फीसदी ट्रंप टैरिफ की खुन्नस निकालने के लिए अपने देश में निवेशित सभी क्रिप्टोकरेंसी बेच दी है। खबर है कि चीन के पास अब एक भी बिटकॉइन नहीं है और उसने सारे बिटकॉन का सफाया कर दिया है। कॉइनग्लास के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 16 लाख से ज्यादा ट्रेडर्स ने अपनी संपत्तियां बेच दीं। शुक्रवार को एक घंटे से भी कम समय में 7 अरब डॉलर से ज्यादा की बिक्री हुई। डोनाल्ड ट्रंप फैमिली का क्रिप्टोकरंसी में बड़ा बिजनेस है।

### भारत पर असर

*भारत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और रक्षा उद्योग के लिए रेयर अर्थ-आधारित पुर्जों का आयात करता है। अमेरिका-चीन तनाव लंबा खिंचने पर कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई बाधित हो सकती है। रेयर अर्थ मिनरल्स यानि 17 दुर्लभ धातुएं, जिनका उपयोग स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन, विंड टरबाइन और मिसाइलों में होता है।*

### क्रिप्टो बाजार में झटका

- ट्रंप के ऐलान के तुरंत बाद बिटकॉइन और इथेरियम जैसी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी के दाम गिर गए
- बिटकॉइन 10% से ज्यादा गिरकर $1,10,000 के नीचे चला गया, बाद में हल्का सुधार होकर $1,13,096 पर पहुंचा
- इथेरियम 11.2% टूटकर $3,878 पर आ गया.
- बीएनबी, सोलाना और एक्सआरपी और जैसी क्रिप्टोकरेंसी में भी 14% से 18% तक गिरावट दर्ज की गई
- ट्रेड वार के डर से निवेशकों ने जोखिम भरे निवेश, जैसे क्रिप्टो और टेक स्टॉक्स, से पैसा निकालना शुरू कर दिया है

## साय बोले : प्रदेश में खेती किसानी की तस्वीर बदलेगी और आएगी संपन्नता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित मुख्य समारोह से देश के किसानों को 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया। उन्होंने इस मौके पर दो नई योजनाएं- प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार से हजारों किसानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ऑनलाईन जुड़कर इस अभियान के शुभारंभ के साक्षी बने। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं डेयरी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### योजनाओं में छत्तीसगढ़ के तीन जिले

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बड़ी ख़ुशी की बात है कि किसान हित में दो नई योजनाओं में छत्तीसगढ़ के तीन जिलों जशपुर, कोरबा और दंतेवाड़ा को भी शामिल किया गया है। इसके लिए मैं छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### जीनत अमान को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**अहमदाबाद।** फिल्मफेयर अवाड्र्स 2025 में अभिनेत्री जीनत अमान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया है। गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 70वीं फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी की होस्ट शाहरुख खान ने की। लापता लेडीज को 8 और किल को 4 अवॉर्ड मिले हैं। दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार को शाइन आइकॉन अवॉर्ड से नवाजा गया। उनके अवॉर्ड को देने के लिए अभिनेत्री जया बच्चन स्टेज पर आई, दिलीप कुमार के अवॉर्ड को अभिनेता शाहरुख खान ने लिया।

**ईडी और ईओब्ल्यू की दिक्कतें बढ़ीं, देने वाले कबूल नहीं रहे क्योंकि फंसेगा आयकर का फंदा**

# 800 करोड़ के घोटाले, घूस लेने वाले अंदर देने वाले बाहर, वजह...इनकम टैक्स का पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



रामगोपाल के पीए, सूर्यकांत के भाई के खिलाफ कोल घोटाले में चालान पेश

छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के एक के बाद घोटाले सामने आएं। अब तक करीब 8 हजार करोड़ के घोटालों का खुलासा जांच एजेंसियों ने किया है। दिलचस्प ये है कि घोटालों में घूस लेने वाले गिरफ्त में आते जा रहे हैं, लेकिन संबंधित आरोपियों को रिश्वत की रकम देने वाले पकड़ में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### समय सीमा की परेशानी भी

जानकारों की मानें तो ईडी जैसी एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों की जब जांच शुरु करती है तो उसके पास आरोपियों के खिलाफ चालान पेश करने की समय सीमा होती है। यही नहीं मनी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ये है कानूनी पहलू और पेंच

दरअसल जब सरकारी जांच एजेंसियां किसी आरोपी की संपत्ति, बैंक ट्रांजेक्शन और आय का ब्योरा खंगालना चाहती तो यह काम आयकर विभाग की अनुमति के बिना संभव नहीं है। यह ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कोई गवाही के लिए तैयार नहीं

आर्थिक अपराध खासकर रिश्वत के मामलों में दो पक्ष होते हैं, एक घूस लेने वाला एक देने वाला। कानूनन दोनों की अपराध के दायरे में होते हैं। लेकिन वाले तो पकड़ लिए जाते हैं, देने वालों ▶▶|शेष पेज 5 पर

# 'फर्जी' बैंक गारंटी, रिलायंस पावर के सीएफओ गिरफ्तार

## अंबानी की कंपनी पर ईडी का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी को 68 करोड़ रुपए की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने अशोक पाल से पूछताछ करने के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया। यह मामला सूचीबद्ध कंपनी रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को जमा की गई 68.2 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी से संबंधित है, जो 'फर्जी' पाई गई।

### क्या है आरोप

ईडी की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कंपनी ने कमीशन के लिए 'फर्जी' बिल भी जारी किए। कई 'अघोषित' बैंक खातों का इस्तेमाल किया। कंपनी 'मात्र एक कागजी संस्था' है क्योंकि इसका पंजीकृत कार्यालय बिस्वाल के एक रिश्तेदार की आवासीय संपत्ति है और छापेमारी के दौरान पते पर कंपनी का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला।

**कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, मुख्य सचिव से मांगा जवाब**

# एचआईवी महिला मरीज की पहचान पर हाईकोर्ट ने 15 तक मांगा शपथ पत्र



मासूम के सीने के पास चस्पा कर दी तख्ती, इसकी मां एचआईवी पॉजिटिव है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रायपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में एचआईवी पॉजिटिव महिला मरीज की पहचान सार्वजनिक करने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत शपथपत्र मांगा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक व्यक्तिगत ▶▶|शेष पेज 5 पर

- दो दिन पहले हरिभूमि ने आंबेडकर अस्पताल का मामला प्रमुखता से उठाया था

### जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन

कोर्ट ने कहा कि यह कार्य सीधे तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, राज्य के इतने प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान से यह अपेक्षा की जाती है कि वह रोगियों के साथ अत्यधिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करे। एचआईवी/एड्स जैसे सामाजिक रूप से संवेदनशील मामलों में पहचान उजागर करना गंभीर चूक है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करें। इसमें यह स्पष्ट किया जाए कि, सरकारी अस्पतालों, मेडिकल ▶▶|शेष पेज 5 पर




# गाजा में वापसी...




*इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और शेष बंधकों की रिहाई पर सहमति के बाद, विस्थापित फिलिस्तीनी गाजा शहर के जितून इलाके में अपने घरों की ओर लौटते हुए नष्ट हो चुकी इमारतों के पास से शनिवार को गुजरते हुए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर युद्धविराम शुक्रवार से लागू हो गया है। इजरायली सेना का भी लौटना शुरू हो गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार से ही मध्य गाजा में इकट्ठा हजारों लोग भी सेना की वापसी की घोषणा के बाद खंडहर हो चुके अपने घरों की और लौटना शुरू गए। शुक्रवार को इजरायली कैबिनेट के द्वारा ट्रंप की योजना को मंजूरी मिलने के बाद मध्य-पूर्व में पिछले दो साल से जारी युद्ध पर विराम लग गया है।*







## खबर संक्षेप

### यूएस राजदूत गोर मिले जयशंकर से



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आज विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर और सर्जियो गोर के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। गोर अमेरिका के प्रबंधन एवं संसाधन उप सचिव माइकल जे रिगास के साथ छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी सीनेट ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में गोर की नियुक्ति की पुष्टि की है।

### कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आएंगी भारत

**नई दिल्ली।** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने घोषणा की है कि वह 12 से 17 अक्टूबर तक भारत, सिंगापुर और चीन का दौरा करेंगी। यह यात्रा कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति के तहत इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए है। दिल्ली में मंत्री आनंद की भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात होगी। दोनों देश व्यापार डायवर्सिफिकेशन और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर रणनीतिक सहयोग के लिए एक ढांचा तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।



### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दीपिका को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने दीपिका पादुकोण को देश की पहली 'मेंटल हेल्थ एंबेसडर' नियुक्त किया है। इस भूमिका में, दीपिका पादुकोण मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और लोगों को मदद लेने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वो स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर काम करेंगी, जिसमें टेली-एमएएनएएस जैसी सरकारी संसाधनों को बढ़ावा देना और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में आम चर्चा को बढ़ावा देना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मानसिक स्वास्थ्य पहलों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### फोन पर लालू और कांग्रेस हाईकमान के बीच हुई बात

# सीटों को लेकर पेच खत्म, आरजेडी 135 वहीं कांग्रेस 55 सीटों पर लड़ेगी चुनाव!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक, कल देर रात तक चली बैठक में सीटों की संख्या पर लगभग अंतिम निर्णय लिया गया। हालांकि, कुछ सीटों को लेकर अब भी घटक दलों के बीच मतभेद बने हुए हैं।

राजद अध्यक्ष लालू यादव और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच फोन पर बातचीत भी हुई है और सीटों पर फंसा पेच खत्म हो गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही सीटों का ऐलान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, महागठबंधन में आरजेडी को 135, कांग्रेस को 55, वीआईपी को 18, भाकपा माले को 20, सीपीआई को 6, सीपीएम को 4, जेएमएम को 2, आरएलजेपी को 2 और आईपी गुप्ता को 1 सीट दिए जाने की संभावना है। कुछ सीटों पर घटक दलों के बीच कैंडिडेट एडजेस्टमेंट का भी फॉर्मूला अपनाया जाएगा। हालांकि, माना जा रहा है कि 12 सीटों पर पेच अब भी फंसा है।

**बिहार में अगले महीने होने हैं विधानसभा चुनाव**

#### ये हैं विवादित सीट

विवादित सीटों में वीआईपी का दावा आरजेडी की शेखपुरा, सिमरी बख्तियारपुर, भभुआ, बड़हरा, महिषी और गौराबराम सीटों पर है। कांग्रेस ने आरजेडी की बायसी, बहादुरगंज और सहरसा सीट मांगी हैं, जबकि आरजेडी ने भाकपा माले की घोसी और पालीगंज सीट पर दावा किया है। सीपीआई ने आरजेडी की हरलाखी सीट पर दावेदारी जताई है। जेएमएम को कटोरिया और मनिहारी सीट मिलने की संभावना जताई जा रही है।

#### पारस की तरफ से नहीं बन पाई सहमति

आरएलजेपी नेता पशुपति पारस कुशेश्वरस्थान या वैशाली में एक सीट चाहते हैं, जिसमें सूरजभान सिंह को एडजस्ट करने की शर्त रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, इन विवादित सीटों पर आज सहमति बनने के बाद महागठबंधन 12 या 13 अक्टूबर को सीट शेयरिंग का औपचारिक ऐलान कर सकता है। इस बीच, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी शनिवार को तेजस्वी यादव के एक पोलो रोड स्थित आवास पर पहुंचे और लंबी बैठक हुई।

**एनडीए व महागठबंधन न अब तक नहीं किया है प्रत्याशियों का ऐलान**



#### एक्टर पवन नहीं लड़ेंगे चुनाव

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इसका ऐलान कर दिया है और इसी के साथ उनके चुनावी मैदान में उतरने की अटकलों को भी विराम मिल गया है। पवन सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह चुनाव लड़ने के लिए बीजेपी में नहीं आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ज्वाइन नहीं की थी और ना ही मुझे विधानसभा चुनाव लड़ना है।

#### एनडीए में सीट शेयरिंग पर मंथन जारी



उधर, एनडीए में भी सीट बंटवारे पर मंथन जारी है। दिल्ली में एनडीए के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई है। सूत्रों के अनुसार, एनडीए में एलजेपी (रामविलास) को गोविंदगंज सीट देने पर सहमति बन गई है, लेकिन ब्रह्मपुर सीट पर बीजेपी अब भी तैयार नहीं है। उपेंद्र कुशवाहा बाजपट्टी और शेखपुरा सीटों पर दावेदारी कर रहे हैं। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) पार्टी प्रमुख जीतन राम मांझी अपनी मांगों को लेकर झुक गए हैं। एक चैनल से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'फैसला होना है। यहां भी बातें हुई हैं। दिल्ली में भी बातें हुई हैं। अंतिम फैसला तो वहीं न होता है। हम एनडीए के पार्टनर हैं। जो सीटें मिलेंगी उसपर लड़ेंगे। हम अनुशासित लोग हैं अनुशासन में रहेंगे।' हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी चार सीटें जीतने में सफल रही थी। बिहार के मगध और आसपास के क्षेत्रों में पार्टी की स्थिती मजबूत है।

# प. बंगाल में मेडिकल छात्रा के साथ गैंगरेप

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

**दुर्गापुर में कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने किया अगवा**



पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पीड़िता ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है।

शुक्रवार रात कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे जंगल में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके इस मामले की जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, ये घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात का खाना खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। शुक्रवार रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्हें देखकर छात्रा की सहेली घबरा गई और मौके से भाग निकली। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जबरन पास के जंगल में ले गए। वहां तीनों ने छात्रा को हवस का शिकार बनाया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

#### पीड़िता की हालत नाजुक

*वारदात के बाद पीड़िता की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उसे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार सुबह पीड़िता के माता-पिता ओडिशा से दुर्गापुर पहुंचे. पीड़िता की मां ने पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। पिता ने कहा, 'हमने सुना था कि इस मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई और सुरक्षा व्यवस्था अच्छी है, इसलिए अपनी बेटी को ओडिशा से यहां भेजा था। लेकिन अब जो हुआ है, उसने हमें तोड़ दिया है। इस मामले में दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया है और प्रारंभिक जांच में कई अहम सुराग मिले हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) की एक टीम पीड़िता और उसके परिवार से मिलने दुर्गापुर रवाना हो चुकी है। एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता चिंता का विषय है।*

# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर आतंकी हमला, सात पुलिसकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**छह आतंकवादी भी हुए ढेर**



उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान जिले में शुक्रवार रात एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें कम से कम सात पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और छह आतंकवादी ढेर हो गए। शुरू में प्रतिबंधित समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन बाद में उसने इससे इनकार किया। यह समूह अफगान तालिबान से जुड़ा है, लेकिन उससे स्वतंत्र है। हमले के बाद लगभग छह घंटे तक परिसर में गोलीबारी और विस्फोट का सिलसिला जारी रहा। हमला रत्ता कुलाची क्षेत्र में स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, हमलावरों ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया और एक आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटकों से भरे ट्रक को मुख्य गेट पर टक्कर मारकर परिसर में घुसने की कोशिश की। शुरुआती धमाके से ही परिसर में डर और अफरा-तफरी मच गई।

#### वर्दीधारी आतंकी परिसर में घुसे

*पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावरों की बड़ी साजिश को नाकाम किया। विस्फोटक ट्रक के कारण मुख्य द्वार और चारदीवारी का हिस्सा ध्वस्त हो गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी शहीद हुआ। कुछ ही मिनटों में वर्दीधारी आतंकवादी परिसर में घुस आए और स्वचालित हथियारों व ग्रेनेड से सुरक्षा बलों पर हमला किया। बाद में पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने स्थिति को काबू में कर लिया। इस कार्रवाई में छह आतंकवादी मारे गए और उनके पास से आत्मघाती जैकेट, हथियार, विस्फोटक और गोला-बारूद बरामद हुआ।*

# उत्तर कोरिया के निशाने पर पूरा अमेरिका ...

**पेश की ह्वासॉन्ग-20 न्यूक्लियर मिसाइल**



प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अपनी सबसे ताकतवर परमाणु मिसाइल ह्वासॉन्ग-20 का अनावरण किया। ये सॉलिड-फ्यूल वाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है, जो पूरे अमेरिका को निशाना बना सकती है। किम जोंग उन ने इसे सबसे शक्तिशाली न्यूक सिस्टम बताया, जो पूरे अमेरिका को आसानी से हिट कर सकता है। नॉर्थ कोरिया ने 10 अक्टूबर को वर्कर्स पार्टी के 80वें स्थापना दिवस पर सैन्य परेड में पेश किया। रूस और चीन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# परिवार की सहमति के बिना एडीजीपी पूरन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के आईपीएस अधिकारी और एडीजीपी वाई पूरन कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने पुलिस पर बिना अनुमति के पूरन कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाने का आरोप लगाया है। कहा जा रहा है कि पुलिस ने परिवार की सहमति के बिना वाई पूरन कुमार का शव सेक्टर-16 अस्पताल से पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया।'

**हमारे साथ अन्याय हो रहा है: पूरन कुमार के रिश्तेदार**

इसको लेकर मृतक अधिकारी पूरन कुमार के साले अमित रत्तन ने भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 'परिवार की कोई सहमति नहीं ली गई, फिर भी पुलिस ने शव को अपने स्तर पर पीजीआई भेज दिया, एडीजी लेवल का अधिकारी मर गया लेकिन हमें पांच दिनों बाद भी न्याय नहीं मिला है।' 7 अक्टूबर को एडीजीपी वाई पूरन कुमार का शव चंडीगढ़ स्थित उनके आवास से बरामद किया गया था।



**आईपीएस पूरन का शव ले गई पुलिस तो बिफरे परिजन**

### अमेरिकी दिग्गज कंपनी ने भारतीय खाद्य परंपरा को दिया स्थान

# गूगल ने किया सेलिब्रेट, डूडल पर छाई इडली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गूगल ने इडली शनिवार को अपने डूडल के जरिए इडली को सामने रखा है। केले के पत्ते पर इडली बनने की प्रक्रिया और परोसे जाने की पूरी प्रोसेस का ये एनिमेटेड डूडल काफी पसंद किया जा रहा है और नेटिजंस इस पर चर्चा कर रहे हैं। गूगल का ये डूडल भारतीय व्यंजन खासकर दक्षिण भारतीय खाद्य परंपरा को सेलिब्रेट करने का जरिया है, जिससे खान-पान की भारतीय परंपरा को दुनियाभर में एक वैलिडेशन मिला है।

#### ऐसा है एनिमेशन

डूडल में नरम इडलियां, केले के पत्ते और भाप छोड़ते बर्तन दिखाए गए हैं, जो दक्षिण भारतीय खाना पकाने की गर्मजोशी को सामने रखते हैं। यह गूगल की फूड एंड ड्रिंक सीरीज का हिस्सा है जो दुनिया भर में प्रिय स्थानीय व्यंजनों का सम्मान करती है। यह डूडल तमिल खाद्य संस्कृति के सम्मान में बनाया गया है, हालांकि विश्व इडली दिवस 30 मार्च को मनाया जाता है।

**यह एनिमेटेड डूडल, गूगल की फूड एंड ड्रिंक सीरीज का है हिस्सा**



#### दक्षिण से उत्तर तक इडली का सफर

तमिलनाडु समेत सभी दक्षिण भारतीय राज्यों की सबसे पसंदीदा और वहां से सफर करके उत्तर भारत तक में अपनी पैठ बनाने वाली इडली स्वाद और पोषण से भरी रोचक नाश्ते की प्लेट है। इडली सिर्फ भोजन नहीं इससे कहीं ज्यादा भावना बन चुकी है।

डब्लूएचओ ने भी खानपान में इडली को कई पौष्टिक भोजनों में से एक माना है। किण्वन (फर्मंटेशन) की प्रोसेस के दौरान चावल के स्टार्च टूट जाते हैं, जिनसे आसानी से कार्बोहाइड्रेट का पचना आसान हो जाता है। इसलिए यह स्वास्थ्य मानकों पर भी आदर्श भोजन बन जाता है, जिसे खिचड़ी जैसा ही सम्मान प्राप्त है।

#### पुरातन है इडली का इतिहास

एक शानदार, हल्का और सुपाच्य नाश्ता होने के बावजूद इडली कहां से आई, इसे लेकर भी अनेक मत हैं। मशहूर शेफ रणवीर बरार ने भी एक टीवी शो में इसे इंडोनेशिया से आया व्यंजन बताया था। हालांकि बरार की इस टिप्पणी पर बहुत से नेटिजंस ने असहमति जताई थी। बता दें, इडली का जिक्र कई शताब्दी पीछे से होता आया है। वैदिक साहित्य के दौर में करव/कराव/करंभ नाम के एक पकवान का, ऋग्वेद में क्षीर पकोद्न का जिक्र है। ये भाप की पाक विधि वाले व्यंजनों का पूर्वज माने जा सकते हैं। इडली का जिक्र कन्नड़ साहित्य, संगम साहित्य में आता है। 9वीं सदी के कन्नड़ साहित्य में इसे इड्डीलीगे लिखा गया है। इडली के पुराने जिक्र कर्नाटक में मिलते हैं। 920 ईस्वी में शिवकोटी आचार्य की किताब 'वड्डाराधाने' में इडली को अतिथि को परोसने वाले 18 खास व्यंजनों में से एक बताया गया है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**वर्षवार पहाड़ी मैना**

| वर्ष | घोंसलों की संख्या | मैना की संख्या | झुंडों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2022 | 20 | 50-60 | 5-10 |
| 2023 | 50 | 200-250 | 30-35 |
| 2024 | 80 | 300-400 | 40-45 |
| 2025 | 150 | 600 से अधिक | 50-60 |



**10 मैना मित्र कांगेरघाटी से लगे 40 गांवों में जाकर कर रहे सर्वे और जागरुकता**

# पंख बढ़े, तादाद बढ़ी और पेड़ हंसे, अब 25 गांवों में 60 झुंडों में दिखी बस्तर की पहाड़ी मैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**खास खबर**

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में तीन साल पहले जहां केवल 50 से 60 मैना के झुंड देखे जाते थे। यह झुंड अक्सर कोटमसर और नगलसर क्षेत्रों में देखा देते थे। लेकिन अब झुंठ की संख्या 50 से 60 हो गई है। एक झुंड में दस से पंद्रह मैना दिख रही हैं। संख्या के लिहाज से यह 600 से अधिक मैना अब 25 गांवों में नजर आने लगी हैं। मैना की बढ़ती संख्या की ▶▶ शेष पेज 5 पर



## प्रजनन काल व घोंसला निर्माण

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि पहाड़ी मैना का प्रजनन काल क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार थोड़ा भिन्न होता हैए परंतु अधिकांशतः अप्रैल से जुलाई के बीच ये प्रजनन करती हैं। यह एक मोनोगेमस एक जोड़ा पक्षी है। नर और मादा मिलकर कटफोड़वा द्वारा बनाए गए पेड़ों के छेदों की तलाश करते हैं और टहनियां पत्तियां व पंखों से अपने घोंसले को सजाते हैं। अंडे देने के बाद दोनों मिलकर अंडों की ऊष्मायन और बच्चों की देखभाल करते हैं। वर्ष 2025 में किए गए मॉनिटरिंग कार्य के दौरान कई घोंसलों से पहाड़ी मैना के बच्चे उड़ना सीखते हुए देखे गए। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इसलिए बढ़ रही संख्या

मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्रीमती स्टायलो मंडावी ने बताया कि कांगेर घाटी के मैना मित्रों और मैदानी कर्मचारियों द्वारा घोंसलों के संरक्षण और अनुकूल आवासीय वातावरण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। कटफोड़वा द्वारा बनाए गए प्राकृतिक छेदों में इनके घोंसलों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि इनके प्रजनन स्थलों को सुरक्षित रखा जा सके। पहाड़ी मैना की काली चमकदार पंखुड़ियां और पीली कलगी इसे छत्तीसगढ़ की गौरव ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### एलओसी के पास पाक ड्रोन तलाशी अभियान शुरू



**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अग्रिम गांवों के ऊपर दो पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते नजर आने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। घगवाल क्षेत्र के चल्लियारी गांव और रामगढ़ के चमलियाल गांव के ऊपर ड्रोन देखे गए। बीएसएफ ने शनिवार तड़के दोनों इलाकों की घेराबंदी की।

### आईईडी विस्फोट में जवान शहीद



**रांची।** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर (45) की मौत हो गई। अर्धसैनिक बल ने शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में यह अभियान चलाया।

## राहुल-प्रियंका ने कहा-महिला पत्रकारों का अपमान अस्वीकार्य, प्रधानमंत्री रुख स्पष्ट करें

# अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पत्रवार्ता में महिला पत्रकारों की नो एंट्री, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुताकी की पहली भारत यात्रा अपनी शुरुआत के साथ ही विवादों में घिर गई है। मामला बीते शुक्रवार को उनके और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद नई दिल्ली में अफगानिस्तान के दूतावास में आयोजित की गई प्रेस वार्ता से जुड़ा हुआ है। जिसमें महिला पत्रकारों को आमंत्रित न करने को लेकर देश के भीतर राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। इधर, विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी, यह अफगान दूतावास द्वारा आयोजित किया गया था।*

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) जैसे विपक्षी दलों के नेताओं ने एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट कर मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार पर निशाना साधा। जिसके बाद शनिवार को विदेश मंत्रालय की आधिकारिक प्रतिक्रिया आई और उसमें कहा गया कि बीते 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री मोदी के नारों का खोखलापन बेनकाब हो चुका है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों की गैर मौजूदगी को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उनसे इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि यह महिला पत्रकारों का अपमान है।

### विदेश मंत्रालय ने दी सफाई, इस आयोजन में दूर-दूर तक हमारी कोई भूमिका नहीं

### पुरुष पत्रकारों को भी निकल जाना चाहिए था बाहर

पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, मैं हैरान हूं कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी द्वारा संबोधित प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। मेरे निजी विचार से, पुरुष पत्रकारों को तब बाहर निकल जाना चाहिए था जब उन्हें पता चला कि उनकी महिला सहकर्मियों को बाहर रखा गया है या उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया है।



### विदेश मंत्रालय ने दिया स्पष्टीकरण

विदेश मंत्रालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुताकी के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद कोई संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित नहीं की गई। केवल अफगानिस्तान ने अपने दूतावास परिसर में एक अलग प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मुताकी ने भारत-अफगानिस्तान संबंधों, मानवीय सहायता, व्यापार मार्गों और सुरक्षा सहयोग सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर बात की।

### तालिबान के साथ भीषण झड़प में 5 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष में अब तक पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और दो अन्य घायल हैं। आमने-सामने की लड़ाई में पाकिस्तानी सेना को काफी नुकसान हुआ है, उनकी मिलिट्री फेसिलिटी को भी काफी नुकसान पहुंचा है। अफगान सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी छीन लिए। लड़ाई स्पिना शागा, गीवी, मणि जाभा और अन्य क्षेत्रों में केंद्रित है, जहां हल्के और भारी हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है।

■ अफगानी सेना ने कई चौकियों पर किया कब्जा

### अफगानों के साहस की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए : मुत्तकी

पाकिस्तान ने अफगानी क्षेत्रों में ये हवाई हमले ऐसे समय में किए, जब तालिबान शासन के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी 8 दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं। पत्रकारों द्वारा पाकिस्तान के इस हवाई हमले के बारे में पूछे जानें पर तालिबान शासन के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा, अफगानों के साहस की परीक्षा नहीं ली जानी चाहिए। हम भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन यह एकतरफा नहीं हो सकता।

## सिमटा कफ सिरप का कारोबार, डिमांड में पचास फीसदी की गिरावट

### दवा दुकान वाले स्टॉक क्लीयर करने और थोक वाले ऑर्डर कर रहे इंतजार


कफ सिरप से छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत पर राज्य सरकार गंभीर, जारी हुआ निर्देश
दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए खांसी के सिरप बैन, छत्तीसगढ़ में लिए गए सेंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खांसी रोकने वाली कफ सिरप से मौत का खुलासा होने का साइड इफेक्ट दवा बाजार पर भी हुआ है। दर्जनभर ब्रांडेड के साथ सौ से ज्यादा कंपनियों की दवा की प्रदेश में रोजाना 80 से 85 लाख की खपत होती थी, जो घटकर आधी हो गई ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ प्रदेश में दर्जनभर ब्रांडेड कंपनियों के साथ सौ से ज्यादा कफ सिरप बाजार में

### चिकित्सकों का कहना

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा. किरण माखीजा एवं डा. निलय मोझरकर ने बताया कि छोटे बच्चों के लिए कफ सिरप पहले से ही प्रतिबंधित है। सामान्य सर्दी-खांसी तीन से चार दिनों में स्वमेव ठीक हो जाती है। जब अधिक समस्या होती है मसलन बच्चे खांसी की वजह खाना नहीं खा पाते अथवा रात में सो नहीं पाते तब उनका इलाज आवश्यक होता है। ऐसे बच्चों की खांसी रोकने के बजाए उसके कारणों का ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रभावित तो हुआ है

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के संरक्षक ठाकुर राजेश्वर सिंह, अध्यक्ष विनय कृपलानी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी विग के मुताबिक कफ सिरप का कारोबार प्रभावित हुआ है। छोटे बच्चों के साथ बड़ी उम्र के लोग भी इस तरह की दवा का विकल्प मांग रहे हैं। तमाम दवा कारोबारी इसकी बिक्री डाक्टर की पर्ची के आधार पर कर रहे हैं। उनका तर्क है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अयोध्या के 56 घाटों पर जलेंगे 28 लाख दीप

### दीपोत्सव पर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में 56 घाटों पर इस वर्ष 28 लाख दीप जलाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी चल रही है। अयोध्या इस वर्ष एक बार फिर विश्व मंच पर अपनी आस्था, संस्कृति और गौरव का प्रकाश फैलाने जा रही है। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में इस बार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### श्रद्धालु और पर्यटक बनेंगे साक्षी

इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु और देश-विदेश से आए पर्यटक रामनगरी की इस दिव्य आभा के साक्षी बनेंगे। लक्ष्मण किला घाट पर पहली बार सवा चार लाख दीप प्रज्वलित होंगे। राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट पर करीब साढ़े चार लाख दीप जलाए जाएंगे।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!



स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद

अर्जुनामृत




A.U.4127/09/25/283

• अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी-बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
• बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
• अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।

**श्री नितीन शर्मा, दुर्ग**
प्र. मेरी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, उसे एक सप्ताह से बुखार है, गले में खराश भी है। कृपया उपचार बतायें।
उ. **बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ भोजन के बाद दे, साथ में **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** एक चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे।

**श्री शरद ओक, धमतरी**
प्र. मेरी उम्र 39 वर्ष है। शारीरिक कमजोरी आयी है। इस कारण शारीरिक संतुष्टी नही हो पाती। इस कारण बहुत परेशान हूँ।
उ. **बैद्यनाथ वीटा एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1–1 कॅप्सूल सुबह – शाम भोजन के बाद दूध के साथ लें। साथ में बैद्यनाथ धातुपौष्टिक चूर्ण 1 से 2 चम्मच समान भाग मिश्री और दुध के साथ लें।

**श्रीमती कुसुम तिवारी, बिलासपुर**
प्र. मेरी उम्र 52 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।
उ. **बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ पेन क्विट टॅबलेट 1–1** टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ पेन क्विट ऑईल** की दर्द के जगह हलकी मालिश करें।

**श्री गीरधर जोगी, रायपुर**
प्र. मुझे 5 साल से डायबिटीज है। आँखें के सामने अंधेरा छा जाता है व दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसूस करता हूँ।
उ. **बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगरफ्री)** 1–1 चम्मच दुध के साथ सुबह शाम भोजनबाद लेवें। **बैद्यनाथ मधुमेहारि ग्रेन्युल्स** 1 से 2 चाय के चम्मच पानी के साथ लेवें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 | www.baidyanath.co




^^₹ 9.99 Lakh is the ex-showroom price (New Delhi) of Amaze ZX CVT in Lakh & up to 2 decimal points only. ₹ 6.97 Lakh is the ex-showroom price (New Delhi) of base variant of Amaze (2nd Generation). ^^Optional Accessory available at an extra cost from third party, to be fitted at Dealership. Warranty on such accessories is supported by Supplier & is limited to 2 years from date purchase. *TOTAL BENEFITS: T&C Apply. Amount includes applicable cash, exchange, corporate, extended warranty or any other applicable offer/ benefits. Available for limited period on select model and in select cities. Stock without benefits is also available. ^SCRATCH & WIN: T&C Apply. Not applicable for Tamil Nadu state. Scheme valid for limited period until stock available and in select cities only. Stock without offer is also available. Eligible customer shall be entitled to avail the Voucher/ Gift / Prize upon fulfilment of the T&C mentioned on scheme coupon available at authorized dealership. Voucher/ Gift / Prize cannot be substituted, exchanged, encashed or transferred. For more details, visit Honda Dealership. °Segment to be defined as sedans less than the length of 4 000 mm. ~Free subscription for first 5 years from the date of purchase of car. Application works on select smartphones & Smartwatches. Smartwatch isn't part of giveaway. ¤10 year Anytime Warranty: Extendable up to the maximum age of 10 years or 120000 kilometers by renewing every year and is applicable from the date of purchase of car. Please refer owner's manual and Warranty Document for more details. #CNG: Govt. approved CNG retrofitment kit is provided by third party. CNG Kit warranty and any other related terms and conditions are applicable as specified by third party. Applicable on select models only. Black glass appearance on vehicle is due to lighting effect. Actual vehicle color, features, and specifications may vary from those shown and might not be part of standard fitment. Please check the availability of grades, colors, features, and offers at authorized dealerships. Honda Cars India Limited reserves the right to change or withdraw any colour, grade, feature, offers/ scheme or benefits without any prior notice. Scrappage benefits applicable on select models subject to receipt of valid certificate of deposit issued by RVSF. Honda SENSING (ADAS) cannot substitute human acumen and vigilance while driving. Honda Cars India Limited urges drivers to follow traffic rules which are meant to keep them safe on roads. For more information, please visit our authorized dealership or www.hondacarindia.com. For corporate sales enquiry please write to corporatesales@hondacarindia.com.

Shubh Honda

Ring Road No. 1 Near, Raipura Chowk, Raipur PH.: 6262030638

Great Eastern Road, Near Telebandha Square, Raipur PH.: 9109130951, 9522204051

Bhilai to Rajnandgon, By Pass Road, Near Bafna Toll Plaza Sikola, Bhilai PH.: 8657589095

**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया है। अब सवाल यह है कि भारत ने कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान के साथ आखिरकार दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? इसके पीछे रणनीति क्या है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अफगानिस्तान-हिंदुस्तान के नए रिश्ते



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

अफगानिस्तान में अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान हुकूमत के सत्तासीन होने के पश्चात वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने पहली दफा जिस मुल्क का कूटनीतिक दौरा अंजाम दिया है, वह मुल्क है हिंदुस्तान। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी पर किसी भी विदेशी मुल्क की यात्रा करने पर प्रतिबंध आयद किया हुआ है, क्योंकि मुत्तकी संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा घोषित और प्रतिबंधित किए गए वैश्विक आतंकवादियों की लिस्ट में अभी तक शुमार हैं। भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। विश्व पटल पर बॉयकाट मुल्क करार कर दिए गए अफगानिस्तान को भारत सरकार ने आखिरकार अपने गले से क्यों और कैसे लगा लिया है। वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का मूल मंत्र रहा है कि दुश्मन का दुश्मन सदैव ही दोस्त हुआ करता है। वैश्विक कूटनीति के इसी मंत्र का जाप करते हुए भारतीय विदेश नीति ने अपनी करवट बदल ली है और अब अफगानिस्तान से प्रबल दोस्ती करने की ठान ली है।

**भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।**

## आतंक का गढ़ अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी जबरदस्त मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया गया है। वैश्विक जेहादी आतंकवाद का पाकिस्तान के बाद सबसे बड़ा गढ़ करार दिए जाने वाले कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान से आखिरकार जनतांत्रिक भारत ने दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? यक्ष प्रश्न है? जोकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के अनेक जाने-माने जानकारों के दिलों दिमाग में कौंध रहा है? अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान के दुर्दांत जेहादी लड़ाकों ने अमेरिकन हुकूमत द्वारा सैन्य रूप से समर्थित और पोषित अफगानिस्तान की अशरफ गनी और अब्दुल्ला सरकार को सत्ता से उखाड़ कर संपूर्ण अफगानिस्तान पर अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया। अफगानिस्तान से अमेरिकन सैनिकों को अपने आधुनिकतम हथियारों को छोड़कर उसी तरह से पलायन कर जाने पर विवश हो जाना पड़ा, जिस तरह से कभी वियतनाम से अमेरिकी सैनिक मैदान ए जंग को छोड़कर भाग खड़े हुए थे। तालिबान हुकूमत को दुनिया के किसी भी मुल्क ने उस वक्त मान्यता प्रदान नहीं की, यहां तक कि पाकिस्तान ने भी नहीं दी। भारत ने भी वर्ष 2021 में काबुल स्थित अपना दूतावास बंद कर दिया था।

## रूस ने दी सबसे पहले मान्यता

4 जुलाई 2025 को सबसे पहले तालिबान हुकूमत को मान्यता प्रदान करने वाला मुल्क बना प्रेसिडेंट पुतिन का रूस। जबकि अफ़ग़ानिस्तान में वर्ष 1980 से 1990 तक अफगान मुजाहिद और रुस के सैनिक भीषण तौर पर युद्धरत रहे। कूटनीति के मैदान में कोई भी मुल्क सदैव के लिए दुश्मन और दोस्त नहीं हुआ करते हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित आतंकवादियों के नृशंस बर्बर आक्रमण के तत्पश्चात तालीबान हुकूमत ने जिस तरह की हार्दिक सहानुभूति और संवेदनशीलता भारत के प्रति प्रकट की थी, उसी के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार का कूटनीतिक दृष्टिकोण अफगानिस्तान के प्रति परिवर्तित होना प्रारंभ हो गया था। कूटनीटिक परिवर्तन के तत्पश्चात दोनों देशों की कूटनीतिज्ञों के मध्य घनिष्ठ वार्ताएं प्रारंभ हुई। वर्ष 2021 के बाद समाप्त हो गए पारस्परिक व्यापारिक रिश्ते फिर से कायम हो गए। तालिबान हुकूमत के सत्ताशीन होने से पहले भारत ने मुखतलिफ प्रोजेक्टस में दस हजार करोड़ का आर्थिक सहायता निवेश अफगानिस्तान में अंजाम दिया था।

## खनन कंपनियों को न्योता

सर्वविदित है कि अफगानिस्तान में खनिजों का एक बड़ा खजाना विद्यमान है। भारत की खनन कंपनियों को तालिबान हुकूमत ने अफगानिस्तान में खनन करने के लिए आमंत्रित किया है। वस्तुतः भारत भी रूस की तरह से ही अफगानिस्तान को कूटनीतिक मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया में संलग्न है। नई दिल्ली में 9 अक्टूबर को तालिबान हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऐलान कर दिया है कि भारत अपने टेक्निकल मिशन को अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास के स्तर पर ले जाने का फैसला कर चुका है। औपचारिक तौर पर तो कदाचित नहीं, वरन् अनौपचारिक तौर से भारत ने अफगानिस्तान को मान्यता प्रदान कर ही दी है। आमिर खान मुत्तकी का दिनांक 9 अक्टूबर कूटनीतिक दौरा भारत में प्रारंभ हुआ, उसी रोज पाकिस्तान वायुसेना के बमवर्षक विमानों ने काबुल पर बमबारी अंजाम दी है। भारत की सरजमीं से अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सीधी सैन्य चुनौती देते हुए फरमाया कि पाकिस्तान हमारी कुव्वत और हिम्मत को परखने की कोशिश कदापि ना करें तथा किसी तरह से हिमाकत करने से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों से हमारी लड़ाकू शक्ति बारे में जाकर समुचित जानकारी तो ले ले। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने विशिष्ट ऐलान किया अफगानिस्तान में अब कोई आतंकवादी गिरोह शेष नहीं बचा है। हमारी अफ़ग़ान सरजमीं का एक भी इंच टुकड़ा भी आतंकवादियों के नियंत्रण में नहीं है। वर्ष 2021 में जिस अमेरिका परस्त अशरफ गनी हुकूमत के खिलाफ हमने मिलिटेंट ऑपरेशन अंजाम दिया था, तालिबान हुकूमत के तहत वो अफगानिस्तान अब पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने साफ तौर पर बयान किया कि पाकिस्तान और अन्य देश भी आतंकवादियों के खिलाफ वैसा ही जबरदस्त कदम उठाएं जैसा कठोर कदम अफगानिस्तान ने शांति और अमन स्थापित करने के लिए उठाया है।



## दोस्ती के रास्ते खुले

भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। भारत ने तो पाकिस्तान से भी दोस्ती करने के अनेक दफा गंभीर प्रयास किए, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।

# बहुत गहरी हैं भारत-अफगान संबंधों की ऐतिहासिक जड़ें



उम्मीद

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा ने पुरानी दोस्ती में नई जान फूंक दी है। मुत्तकी बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से विस्तृत चर्चा की। यह 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान को 'साझा खतरा' बताया, जबकि तालिबान ने 2025 के पहलगाम हमले की निंदा की। भारत-अफगानिस्तान संबंध शताब्दियों की परीक्षा से गुजरे हैं। प्राचीन बौद्ध विरासत से आधुनिक बुनियादी ढांचे तक, ये बंधन लचीले साबित हुए। मुत्तकी की यात्रा मानवतावादी सहायता को कूटनीतिक संवाद में बदलने का अवसर है। जैसे अशोक के शिलालेख आज भी बोलते हैं। दोनों देशों को आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास जैसे साझा मुद्दों पर एकजुट होना होगा। यह न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है, बल्कि साझा इतिहास की मांग भी। लेकिन मुत्तकी की यह यात्रा केवल वर्तमान की राजनीति नहीं, बल्कि भारत-अफगानिस्तान के गहन ऐतिहासिक बंधनों की याद दिलाती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक विकास परियोजनाओं तक, ये संबंध सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक धागों से बुने गए हैं। भारत और अफगानिस्तान के संबंध प्राचीन काल से ही गहरे हैं, जब ये क्षेत्र एक सांस्कृतिक निरंतरता का हिस्सा थे। सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 3300-1300 ईसा पूर्व) के अवशेष अफगानिस्तान के उत्तरी भागों में भी मिलते हैं, जो व्यापारिक मार्गों के माध्यम से जुड़े हुए थे। चंद्रगुप्त मौर्य के समय (305 ईसा पूर्व) यह संबंध औपचारिक रूप ले चुके थे। सेल्यूकस निकेटर ने अफगान क्षेत्र मौर्य साम्राज्य को सौंप दिया, बदले में 500 हाथी और वैवाहिक संबंध प्राप्त किए। सम्राट अशोक (268-232 ईसा पूर्व) ने अफगानिस्तान को बौद्ध धर्म का केंद्र बनाया। कंधार में उनके शिलालेख आज भी मौजूद हैं, जो धम्म के प्रचार की गवाही देते हैं। मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भी, इंडो-ग्रीक और कुशान साम्राज्यों ने इस क्षेत्र को भारतीय उपमहाद्वीप से जोड़े रखा। कुषाण शासक कनिष्क (मध्य पहली शताब्दी) ने बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित किया, जिसका प्रभाव गंधार कला में दिखता है। ये प्राचीन संबंध केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक थे। अफगानिस्तान के बामियान बुद्ध (जो 2001 में तालिबान द्वारा नष्ट किए गए) भारतीय बौद्ध विरासत के प्रतीक थे। व्यापार मार्गों ने मसाले, रत्न और विचारों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया, जो आज भी दोनों देशों की साझा विरासत को दर्शाता है। मध्यकाल में अफगानिस्तान भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों रहा। 10वीं शताब्दी से गजनवी, गौरी, खिलजी, लोदी और मुगल जैसे अफगान मूल के वंशों ने उत्तरी भारत पर आक्रमण किए, जो राजनीतिक उथल-पुथल लाए लेकिन सांस्कृतिक समन्वय भी। महमूद गजनवी (998-1030) के आक्रमणों ने सोमनाथ मंदिर को लूटा, लेकिन इन्होंने फारसी साहित्य और वास्तुकला को भारत में रोपा। गौरी वंश (12वीं शताब्दी) ने दिल्ली सल्तनत की नींव रखी, जो अफगान शासकों द्वारा संचालित थी। मुगल काल (1526-1858) में यह संबंध और गहरा हुआ। बाबर, अफगान मूल का था। 18वीं शताब्दी में अहमद शाह दुर्रानी ने अफगान साम्राज्य स्थापित किया, जिसने पंजाब तक विस्तार किया, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के सिख साम्राज्य ने इसे रोका। इस काल में आर्थिक लेन-देन फला-फूला। अफगानिस्तान के सूखे मेवे, घोड़े और ऊनी वस्त्र भारत पहुंचे, जबकि भारतीय वस्त्र और मसाले अफगान बाजारों में बिके। सांस्कृतिक रूप से, सूफी संतों जैसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर) ने दोनों क्षेत्रों को जोड़ा। हालांकि आक्रमणों ने तनाव पैदा किया, लेकिन ये संबंध विनाशकारी नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी साबित हुए। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने इन संबंधों को नया मोड़ दिया। अफगानिस्तान और ब्रिटिश भारत पड़ोसी थे, लेकिन 'ग्रेट गेम' में रूस के साथ ब्रिटेन की होड़ ने अफगानिस्तान को बफर राज्य बना दिया। भारत ने अफगानिस्तान के साथ 1950 में 'मैत्री संधि' पर हस्ताक्षर किए, जो शांति और राजनयिक संबंधों की गारंटी थी। 1973 में मोहम्मद दाऊद खान के गणतंत्र को मान्यता दी गई, लेकिन 1979 के सोवियत आक्रमण ने संबंधों को जटिल कर दिया।

***इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है।***

# अमेरिका समेत चीन व पाकिस्तान को संदेश



कूटनीति

डॉ. एन.के. सोमानी

स्वतंत्र पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर है। साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद यह पहला अवसर है जब तालिबान सरकार का कोई बड़ा मंत्री भारत के दौरे पर आया है। यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है। खासतौर से भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान मुत्ताकी ने भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देने व भारत में दुतावास शुरू करने की बात कही है, उससे पाकिस्तान सकते में आ गया है। मुत्ताकी ने कहा कि भारत ने हमेशा मुश्किल समय में अफगानिस्तान का साथ दिया है। हमारे संबंध केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, संस्कृति, खेल और अन्य संबंधों से भी जुड़े हैं। मुत्ताकी अमेरिका द्वारा बगराम एयरबैस की मांग की पृष्ठभूमि के बीच भारत के दौरे पर आए हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि तालिबान सरकार द्वारा अमेरिका को बगराम एयरबेस देने से इनकार के बाद उपजे हालातों के दृष्टिगत अफगानिस्तान के विदेशमंत्री किसी कूटनीतिक लक्ष्य को साधने के लिए भारत से संबंध सुधारने की पहल कर रहे हैं। यह आशंका इसलिए उठ रही है क्योंकि मुत्ताकी भारत आने से पहले रूस गए थे। रूस यात्रा के दौरान भी उन्होंने बगराम एयरबैस का मुद्दा उठाया था। रणनीतिक दृष्टि से बगराम एयरबेस ईरान, पाकिस्तान, चीन और मध्य एशिया के समीप होने के कारण अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ठिकाना है। 2021 में अमेरिका ने इसी खाली कर दिया था। अब ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद इस पर फिर से कब्जा करना चाहते हैं। सत्ता में आने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को दरकिनार कर भारत के साथ संबंध बढाने शुरू कर दिए। भारत ने मुत्ताकी के दौरे को औपचारिक मान्यता नहीं बल्कि रणनीतिक संवाद का माध्यम बताया है। भारत यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने विदेशमंत्री व अन्य अधिकारियों से राजनयिक, व्यापारिक और आर्थिक साझेदारियों को लेकर बात कर है, उससे जाहिर है कि अफगानिस्तान की राजनीति में भारत के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।

***मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे चीन अमेरिका और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है***

# भारत की रणनीति ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका



रणनीति

महेंद्र पंडित

वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। असल में जब अफगान में हामिद करजई की सरकार थी, उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को दखल का मौका मिलना तो दूर अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। वो पहले से ही अफगान सरकार के तेवर से बेहद परेशान था। अब अगर तालिबान सरकार को भारत का भी साथ मिलता है तो पहले से ही कंगाली की हालत में पहुंचे पाकिस्तान को जोर का झटका लगना तय है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। यही कारण रहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अफगानिस्तान भारत के पक्ष में खड़ा नजर आया। अब आमिर खान मुत्तकी की भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात के दौरान दोनों ओर से कमाल की गर्मजोशी दिखी। एस. जयशंकर ने मुत्तकी को न सिर्फ गर्मजोशी से गले लगाया, बल्कि काबुल में भारत के तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देने की घोषणा भी कर दी। भारत ने उसे सद्भावना के नाम पर पांच एम्बुलेंस सौंप दी हैं। भारत का अफगानिस्तान के प्रति प्यार नया नहीं है। दशकों से हमने स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में करोड़ों रुपये झोंके हैं। कोविड वैक्सीन से लेकर गेहूं तक अफगानिस्तान को जब भी किसी सहायता की जरूरत महसूस हुई, भारत ने दी है।

आतंक का पोषक पाकिस्तान उम्मीद लगाए हुए था कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत के खिलाफ उसके समर्थन में खड़ी होगी, लेकिन भारत की रणनीति ने उसे चारों खाने चित कर दिया। यही कारण है कि वह महज चार साल पहले अमेरिकी सेना के शिकंजे से आजाद हुए अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर रहा है।




# अफगानिस्तान पर कूटनीतिक जागरूकता और सजगता जरूरी



चौकसी

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति को अपने-अपने देशों के हित में साधने के लिए भारत व अफगानिस्तान विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी गत 9 अक्टूबर को छह दिवसीय भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे और अगले ही दिन दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इसमें भारतीय मंत्री ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुनः दूतावास खोलने की बड़ी घोषणा की तथा अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।

इसी के साथ दोनों देशों के मंत्रियों ने पारस्परिक संप्रभुता एवं स्वायत्तता की सुरक्षा और द्विपक्षीय कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों की दृढ़ता के लिए भी महत्वपूर्ण संवाद किया है। अपनी यात्रावधि में अफगानी विदेश मंत्री भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परामर्शक अजीत डोभाल के साथ भी भेंटवार्ता करेंगे। विश्व के प्रमुख देशों की भांति ही भारत ने भी तालिबानी शासन को आधिकारिक मान्यता तो नहीं दी है, किंतु अफगानिस्तान के साथ भारत सहित सभी देशों के व्यापारिक-आर्थिक संबंध पहले जैसे ही हैं। नब्बे के दशक से लेकर 2014 तक अफगानिस्तान, रूस व अमेरिका की पारस्परिक शत्रुता का प्रायोगिक क्षेत्र बना रहा। कभी वहां रूसी सेना तैनात हुई थी। उस समयावधि के बाद से लेकर 2021 तक अमेरिकी सेना की तैनाती ने उस देश में तालिबान आतंकवाद को फलने-फूलने का अवसर दिया। हालांकि तालिबानी गतिविधियों को आतंकी गतिविधियां भी अमेरिका ने ही बताया था, जबकि अफगानिस्तान की अधि जनसंख्या अशरफ गनी के शासनकाल में भी तालिबानगामी शासन की पक्षधर थी। पूरे एक दशक तक तालिबानी लड़ाकों एवं अमेरिकी सेना के मध्य सशस्त्र संघर्ष होता रहा। इस अवधि में संपूर्ण अफगानिस्तान बुरी तरह अस्थिर रहा। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तानी शासन व तालिबान समूह की कूटनीतियों के कारण यह देश निरंतर गृहयुद्ध व आत्मघात की स्थितियों-परिस्थितियों में पिसता रहा। इस स्थिति में भी भारत ने वहां के तत्कालीन शासन के सहयोग से उस देश में मूलभूत अवसंरचना के निर्माण सहित अनेक विकासपरक कार्य संपन्न किए, जिनका महत्व अब का तालिबानी शासन भी भलीभांति जानता-समझता है। वास्तव में अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य बगराम हवाई क्षेत्र पर अमेरिका की गिद्धदृष्टि के प्रतिरोध में वैश्विक दक्षिण के प्रमुख व शक्तिशाली देशों का प्रतिरोधपरक समर्थन प्राप्त करना है। चूंकि इस संदर्भ में रूस के मास्को में आमिर खान मुत्तकी को रूस, चीन, पाकिस्तान, ईरान इत्यादि देशों ने अपना-अपना समर्थन दे दिया है, अतः अब तालिबानी नेता की मंशा है कि भारत भी बगराम हवाई स्थल पर अमेरिकी कब्जे की इच्छा का दृढ़ विरोध करे। अमेरिका के संदर्भ में यह अतिविडंबना ही मानी जाएगी कि अपने प्रथम कार्यकाल में जहां ट्रंप ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का विरोध किया, इसे धन-संसाधन की बर्बादी कहा, कार्यकाल के अंतिम दिनों में अमेरिकी सैनिकों की वापसी भी करवा दी तथा डेमोक्रेट्स के शासन में राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने बगराम हवाई क्षेत्र में विद्यमान अंतिम अमेरिकी अवसंरचना हटा अफगानिस्तान को पूरी तरह अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से मुक्त कर दिया था, वहां अब ट्रंप पुनः बगराम में एक प्रतीकात्मक अमेरिकी सैन्य शिविर की स्थापना करने को व्याकुल हैं। परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक रूप में अस्थिर अनेक देशों में अमेरिका की ओर से सैन्य तैनातियां हुईं, सैन्य हस्तक्षेप बढ़ा, सामरिक संघर्ष हुआ तथा शासन विस्थापित हुए। दक्षिण एशिया में सन् 2014 तक अमेरिका ने जहां चीन एवं रूस के प्रतिरोध के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत का उपयोग किया, वहीं अब चीन व रूस के अतिरिक्त भारत के प्रतिरोध हेतु भी वह अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित मध्य पूर्व के मुसलिम देशों का भी अपने सैन्य शिविरों के रूप में प्रयोग करना चाहता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के माध्यम से अमेरिका ने तालिबानी शासन पर अनेक स्तरीय प्रतिबंध आरोपित कर रखे हैं। इन्हीं प्रतिबंधों के कारण अब तक तालिबानी नेता विदेश यात्रा नहीं कर पा रहे थे। किंतु ज्यों ही सुरक्षा परिषद् ने प्रतिबंधों को सीमित किया, त्यों ही तालिबानी नेतृत्व अमेरिकी प्रयोग में फंसने से बचने हेतु प्रमुख रूप से रूस, भारत व चीन को साधने का प्रयास करने लगा है।

हमें तालिबानी शासन की मूल प्रवृत्ति को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से मुक्त शासन के अनुरूप देखना होगा, तब ही हम अफगानिस्तान के संदर्भ में एक सुरक्षित कूटनीतिक वातावरण निर्मित कर पाएंगे। अन्य देशों की भांति भारत के लिए भी वैश्विक कूटनीतियों के हल ढूंढना सुगम नहीं है। जब हम अमेरिका एवं चीन सहित विश्व के अधिसंख्य देशों पर आंख बंद करके विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो फिर अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के प्रति भी हमें कूटनीतिक रूप में अति जागरूक व सतर्क रहने की आवश्यकता है।



**भारत ने अफगानिस्तान में पुनः दूतावास खोलने की घोषणा की व अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।**

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS
+
*LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 52 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 65 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 85 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 23RD OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 23rd October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

दीपावली सदियों से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व के रूप में मनाई जा रही है। लेकिन अब इसका स्वरूप राष्ट्रीय, आर्थिक और भावनात्मक एकता का रूप ले चुका है। दीपावली की चमक अब केवल तेल के दीयों में नहीं रही बल्कि डिजिटल स्क्रीन, वैश्विक समारोहों, आर्थिक गतिविधियों में भी हर जगह भारत की सांस्कृतिक शक्ति के रूप में झिलमिलाती है।

# धर्म-संस्कृति-आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का महापर्व दीपावली



आवरण कथा

शैलेंद्र सिंह

दीपावली अगर पहले के दौर में केवल दीप और पूजा का पर्व था, तो आज यह डिजिटल भारत की संपन्नता और सशक्ति का प्रतीक बन चुकी है। आज हर राज्य, हर भाषा और हर वर्ग के लोग अलग-अलग तरीके से दीपावली को जोरदार तरीके से सेलिब्रेट कर रहे हैं। यह भारत के किसी भी अखिल भारतीय उत्सव का सबसे बड़ा सिंबल है। एक जमाना था, जब गांवों में मिट्टी के दीयों से रोशनी की कतार झिलमिलाती थी। आज उत्तर हो या दक्षिण, पूर्व हो या पश्चिम, देश के सभी शहरों में एलईडी की इंद्रधनुषी झालरें दीपावली के मौके पर संपन्नता की अठखेलियां करती हैं। साथ ही ऑनलाइन दुनिया में डिजिटल ग्रीटिंग्स की भरमार है। दरअसल, दिवाली अब हमारे आर्थिक, सांस्कृतिक वजूद का इंजन बन चुकी है।

## होगी कई लाख करोड़ की खरीदारी

दीपावली अब केवल आस्था का त्योहार नहीं बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का महापर्व है। यकीन न आए तो कुछ आंकड़ों पर गौर कर सकते हैं। साल 2024 की दीपावली तिमाही में खरीदारी तकरीबन 4.5 लाख करोड़ तक पहुंच गई थी। इस साल अनुमान है कि यह आंकड़ा 6 लाख करोड़ तक पहुंचेगा। मतलब बिहार जैसे राज्य के लगभग दो सालों का समूचा सालाना बजट के बराबर दिवाली के मौके पर खरीदारी में खर्च हो जाएगा। अकेले ई-कॉमर्स सेक्टर में ही दीपावली के आस-पास अब तक 90 हजार करोड़ की ऑनलाइन बिक्री हो चुकी है। उम्मीद है कि यह तकरीबन पौने दो से दो लाख करोड़ तक पहुंचेगी। ऑटो मोबाइल्स, रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक और ज्वेलरी जैसे क्षेत्र में इस सीजन बिक्री के नए मानदंड रचे जाने हैं। मतलब यह कि दिवाली अब भारतीय अर्थव्यवस्था की धड़कती नब्ज बन चुकी है।

## डिजिटल कंपनियों को भी रहता है इंतजार

यह त्योहार अब केवल धार्मिक नहीं, आर्थिक और सांस्कृतिक एकता का भी बड़ा अवसर बन चुका है। आज दीपावली एक किसान से लेकर स्टार्टअप फाउंडर तक के लिए आर्थिक रोशनी की नई उम्मीद बनकर आती है। इस डिजिटल युग में दीपावली सिर्फ घरों या मंदिरों तक नहीं सीमित बल्कि सोशल मीडिया, डिजिटल क्रिएटिविटी और तकनीकी नवाचार का त्योहार बन गई है। 'हैप्पी दीपावली' कहना या लिखना, हर साल दुनियाभर के ट्रेंडिंग टॉपिक्स में शामिल रहने वाला सबसे हॉट विषय होता है। गूगल और एप्पल जैसी कंपनियां दीपावली का महीनों पहले से इंतजार करती हैं। इस मौके पर विशेष डूडल और थीम्स जारी करती हैं। डिजिटल आर्टिस्ट और कंटेंट क्रिएटर्स दीपावली को भारतीय पहचान का वैश्विक प्रतीक मानते हैं। भारत के स्टार्टअप इस मौके पर विशेष फेस्टिव कैंपेन लांच करते हैं जैसे- मेड इन इंडिया जिसमें एक नया संदेश छिपा होता है। कहने का मतलब यह कि दीपावली अब घर-घर की नहीं बल्कि स्क्रीन-स्क्रीन की रोशनी बन चुकी है और पूरे भारत को एक डिजिटल सांस्कृतिक धारा में जोड़ रही है।




## बन चुका है ऑल इंडिया फेस्टिवल

आज दीपावली भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से परे जा चुकी है। जहां पहले लोग कहते थे कि हर राज्य अपने-अपने तरीके से दीपावली मनाता है, वहीं अब देखा जा रहा है कि यह संपूर्ण भारत का एक साझी रंगत वाला त्योहार बन चुका है। मॉल्स, कालोनियां, ऑफिसेस, हाउसिंग सोसायटी आदि सब जगह दीपावली के अखिल भारतीय सेलिब्रेशन के दर्शन होते हैं। आज दिवाली भाषा, धर्म, क्षेत्र और वर्ग की सीमाओं को लांघकर अखिल भारतीय उत्सव बन चुकी है, जो सभी भारतीयों को एक साझा पहचान देती है।

## विदेशों में भी जगमगाती दीपावली

आज दुनिया में ब्रांड इंडिया की चमक का एक हिस्सा जगमग दीपावली भी है। भारत को वैश्विक ब्रांड के रूप में देखें तो दीपावली उसकी सिग्नेचर इमोशन बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई और सिंगापुर में इंडियन दिवाली नाइट आयोजित होती हैं। बुर्ज खलीफा पर भारतीय दिवाली की लाइट शो अब हर साल की परंपरा है। व्हाइट हाउस में, ब्रिटिश पार्लियामेंट और कनाडा में, लेचिसलेचर और दीपावली के दीये जलाना अब ग्लोबल सॉफ्टपावर का प्रतीक है। जरा गौर कीजिए इन आयोजनों के केंद्र में सिर्फ धार्मिकता नहीं होती बल्कि भारतीय आधुनिकता, बहुलता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के दर्शन होते हैं। यह वही आत्मविश्वास है, जो बताता है कि भारत अपनी परंपरा को 21वीं सदी के फ्रेम में फिट करने में सक्षम है।

## आधुनिकता-आर्थिक संपन्नता का प्रतीक

देश के हर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों की चरम स्थिति, छोटे दुकान से लेकर ई-कॉमर्स के दिग्गज तक दीपावली को अपनी ताकत से जोड़ते हैं। इस तरह यह एक फेस्टिवल टेक्नोलॉजीकरण भी है। डिजिटल पेमेंट, ई-गिफ्ट और सोशल मीडिया ने त्योहार को एक साझा राष्ट्रीय अनुभव बना दिया है। इसलिए दीपावली अब भारत का कल्चरल एक्सपोर्ट बन चुकी है, जो भारतीय प्रवासियों के माध्यम से विश्व स्तर पर मनायी जाती है। कुल मिलाकर दीपावली अब महज एक धार्मिक या सांस्कृतिक त्योहार भर नहीं बल्कि यह भारत की आर्थिक ताकत और आधुनिकता का सबसे सशक्त प्रतीक बन चुका है। *

### देश का पावरफुल कल्चरल सुपर ब्रांड

**आज के** दौर में दीपावली आधुनिक भारत का सबसे पावरफुल सुपर ब्रांड बन चुकी है। हर सफल आधुनिक राष्ट्र के पास एक साझा भावनात्मक प्रतीक होता है। जैसे अमेरिका के पास थैंक्स गिविंग, चीन के पास स्प्रिंग फेस्टिवल, जापान के पास चेरी ब्लॉसम फेस्ट, उसी तरह भारत के पास दीपावली जैसा पर्व है। यह त्योहार भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और आधुनिक आकांक्षाओं को भी बहुत करीब से व्यक्त करता है। दीपावली आज महज एक सालाना पर्व नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति की गहराई, हमारी तकनीकी उन्नति की चमक, व्यापार की मजबूती, उसकी सक्रियता और सामाजिक एकता की प्रतीक भी बन चुकी है यानी, दिवाली अब केवल धार्मिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय सांस्कृतिक गतिविधि है, जो भारत को परंपरा से प्रगति तक जोड़ने वाला पुल बनाती है। दीपावली आज अखिल भारतीय आधुनिक संस्कृति की धुरी है। हर भारतीय समुदाय हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख अपने-अपने अर्थों में इसे अपनी विरासत का जीवंत हिस्सा मानते हैं।



एक समय तक दीपावली के मौके पर परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों के साथ खेल के तौर पर जुआ खेलने की परंपरा रही। लेकिन हाल के वर्षों में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए गैंबलिंग की लत ने बड़ा सामाजिक-आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। इस बारे में अवेयर रहने की जरूरत है।

# भारी नुकसान दे सकती है ऑनलाइन गेमिंग की लत

अवेयरनेस

एन.के. अरोड़ा

शगुन और परंपरा के नाम पर जिस तरह से हाल के सालों में लोगों द्वारा दीपावली के मौके पर ऑनलाइन जुए का ट्रेंड बढ़ा है, उसके कारण गैंबलिंग की लत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। यह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक चिंता का भी विषय है। परंपरा के नाम पर आजमाई जा रही इस खतरनाक आदत के कारण लोगों की जिंदगी ही आर्थिक संकट से घिर गई है।

**परंपरा के नाम पर ऑनलाइन गेमिंग:** यह मान्यता है कि दीपावली के अवसर पर जुआ खेलना शुभ होता है। इसलिए लोग परंपरा के नाम पर आमतौर पर दीपावली के मौके पर आपस में जुए की गतिविधियों पर हाथ आजमाते हैं। लेकिन कई बार इसके जरिए दीपावली जैसे रोशनी, मेलजोल और खुशियों के त्योहार को परेशानियों का सबब बना लेते हैं। नतीजतन रोशनी के इस त्योहार के ऐन मौके पर उनके घरों में परेशानियों का अंधेरा छा जाता है।

**बुरा एडिक्शन है ऑनलाइन गेमिंग:** दीपावली की रात ही नहीं ऑनलाइन गैंबलिंग ऐसा एडिक्शन बन गया है, जो सामान्य दिनों में भी लोगों की बर्बादी का कारण बन रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुलिस भी इस बुराई पर चाहकर भी प्रभावी प्रतिबंध नहीं लगा पाती, क्योंकि यह सारी गतिविधि एक स्मार्टफोन की स्क्रीन या किसी डिजिटल एप्स तक सिमटकर रह गई है, जो एक क्लिक के साथ ही हमारी पकड़ से बहुत दूर जा चुकी होती है।




**क्यों-कैसे फंस जाते हैं इस दुष्चक्र में:** पहले जुआ खेलने के लिए ऐसी कोई खास सुरक्षित जगह ढूंढ़नी पड़ती थी, जहां तक पुलिस और समाज पर नैतिक दबाव बनाने वाले लोगों की पहुंच न हो या इन लोगों को यहां तक पहुंचने में मुश्किल हो। लेकिन आज की तारीख में ऑनलाइन गेमिंग या मोबाइल के स्क्रीन पर संपन्न होने वाला जुआ इतना आसान हो गया है कि हम जब चाहें और जहां से चाहें, इसे खेल सकते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि करोड़ों, अरबों के आर्थिक आधार वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां इसके लिए हमें बोनस और विज्ञापन के जरिए ललचाती हैं। साथ ही लोगों को डिजिटल गतिविधियों के जरिए ललचाकर फंसाने वाली कंपनियां 'दिवाली ऑफर', 'लकी स्पिन', 'कैश बोनस', जैसी रसीली बातों से हमें फांसते हैं और देखते ही देखते हम इन पैसे चूसने वाली स्कीमों के चक्कर में फंस जाते हैं। बस एक जीत के जरिए जिंदगी को मालामाल करने की तमन्ना से हम अपने पास जो भी होता है, सब कुछ बड़ी आसानी से गंवा देते हैं और इस तरह धोखे-धोखे में लाखों, करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग में फैले गैंबलिंग के खेल से कंगाल हो जाते हैं।

**गंवा देते हैं हजारों करोड़:** हर साल लाखों लोगों की बर्बाद कहानियों के बावजूद, लोग इनसे सबक लेने की बजाय अगली बर्बाद कहानियों का हिस्सा बनने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक पिछले पांच सालों से हर साल दीपावली के मौके पर अनुमानतः आम लोग 15 से 20 हजार करोड़ रुपए तक इस ऑनलाइन जुए में गंवा बैठते हैं, जो उनकी जिंदगीभर की गाढ़ी कमाई होती है। यही कारण है कि आजकल रोशनी के इस पर्व में हर साल लाखों लोगों की जिंदगी में हमेशा-हमेशा के लिए अंधकार भर जाता है।

**कानूनी स्थितिः** हालांकि पब्लिक गैंबलिंग एक्ट 1867 के तहत जुआ एक सार्वजनिक सामाजिक अपराध है। लेकिन दुर्भाग्य से हमारी हथेली में अटके मोबाइल की स्क्रीन पर धूम-धड़ाके से चलने वाली जुए की महफिलों पर कानून नहीं लागू होता था। हालांकि इस सबके बावजूद तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग के कई रूपों पर प्रतिबंध लगाया है, बावजूद इसके दिवाली की रात जुए के लिए बेकरार करोड़ों लोगों को यह आंशिक प्रतिबंध बर्बाद होने से नहीं बचा पाते। यही वजह है कि जोर-शोर से लाखों लोग ऑनलाइन गेमिंग पर हर तरह से प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं। लेकिन आजादी और लोकतंत्र के नाम पर उतने ही लोग इसे रेगुलेट करने की वकालत करते हैं। यही कारण है कि हर साल लाखों लोगों के ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बर्बाद हो जाने के बावजूद इस पर प्रतिबंध नहीं लग रहा। हालांकि 1 अक्टूबर से देश भर में ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 लागू हो गया है। इसमें रियल मनी गेमिंग संचालित करने वाली कुछ कंपनियों और एप्स पर बैन लगा दिया गया है। इसका प्रचार करने वालों पर भी कड़े दंड का प्रावधान है।

**दूर रहने का लें संकल्पः** दीपावली की रोशनी तभी हमारे लिए सार्थक होगी, जब वह हमारे परिवारजनों के चेहरों पर खुशियों का उजास फैलाए, न कि ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बर्बादी का अंधेरा छाए। इसलिए इस साल ऑनलाइन गेमिंग से दूरी बनाने के लिए संकल्प लें। *



गजल

अब्दुल कलाम

## मन के फेर हैं बाबा

इधर देखो जिधर देखो मचा अंधेर है बाबा
सलामत दिन निकल जाए तो समझो खैर है बाबा

कोई सूरत तो फिर निकले कि सच का बोल-बाला हो
मगर निकले भी कैसे झूठ इतना दिलेर है बाबा

आग की जद में शहर जो आ गया तो फिर
बचेगा कुछ नहीं हिजरत में फिर क्यों देर है बाबा

मिटाने हम चले हैं देश की फिरका परस्ती को
जहां पर खून के रिश्तों में देखे बैर है बाबा

यहां सर पे कफन हमने ही बांधा वक्त जब आया
वो कहते हैं कि हम उनके लिए अब गैर हैं बाबा

फाइलों में दब के रह जाती है अब फरियाद भी
कोर्ट-कचहरी न्याय सब मन के फेर हैं बाबा

लघुकथाएं

## अनमोल लम्हे

रिटायरमेंट के बाद निर्माण नगर में ही रहना विनीत। सभी दोस्त साथ में मस्ती करेंगे।' शैलेंद्र ने विनीत से कहा, जब वह किसी काम से निर्माण नगर आया हुआ था।

'हां! देखता हूं।' विनीत ने कहा। पर मन ही मन वह सोच रहा था कि क्या है इस शहर में? दिल्ली में जिस सोसाइटी में वह रहता है, वहां कितना अच्छा पार्क है, जिम है, स्विमिंग पूल है। हर अवसर पर कुछ न कुछ बढ़िया कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। अच्छा जीवन कटेगा वहां। यही सब सोचकर रिटायरमेंट के बाद विनीत निर्माण नगर के बजाय दिल्ली में ही बस गया। सुबह मॉर्निंग वॉक, फिर जिम और उसके बाद स्विमिंग। बीच-बीच में सोसायटी की मीटिंग और अकसर तरह-तरह के कार्यक्रमों में शामिल होना। विनीत का यही रूटीन हो गया था। वह सोचने लगा कि जीवन का पूरा मजा वह ले रहा है।

कुछ समय बाद उसे किसी काम से फिर निर्माण नगर जाने का मौका मिला। तब तक उसके अधिकांश दोस्त रिटायर हो चुके थे। उसने देखा कि सुबह-सुबह कई दोस्त मॉर्निंग वॉक पर इकट्ठे होते हैं। फिर शुरू होती हैं बचपन की बातें और हंसी-ठहाके। कोई अपने टीचर के नकल उतारने वाली हरकत के बारे में बताता तो कोई एक-दूसरे के साथ की जाने वाली शैतानियों के किस्से सुनाता। और भी कई तरह-तरह की बातें वे सब आपस में करते हैं। इसी तरह शाम को भी सारे दोस्त इकट्ठे हो जाते और फिर शुरू हो जाता ठहाकों का दौर। दिल खोल कर हंसते थे सभी दोस्त। ऐसा लगता मानो फिर से वे बचपन की मस्ती का आनंद लेने लगे हों।

अपने दोस्तों के मस्ती भरे अंदाज को देखकर विनीत सोचने लगा वैसे तो दिल्ली में जीवनशैली और सुख-सुविधाएं यहां से बेहतर हैं, पर बचपन के दोस्तों के साथ यह मौज-मस्ती वहां नहीं मिल पाती है। विनीत ने मन ही मन खुद से कहा, 'सच में ये आनंद भरे पल अनमोल हैं।' *

**-विनय कुमार पाठक**



## फॉलोवर्स

आदित्य ने सुबह नींद से जगते ही अपना इंस्टा अकाउंट चेक किया। 'बधाई हो! आपके फॉलोवर्स की संख्या एक लाख हो गई है।' मोबाइल पर नोटिफिकेशन था। आदित्य जोश में आ गया। मुट्ठियां बंद कर हाथों को झटकते हुए कहा, 'यस!' वह काफी दिनों से अपने इंस्टा अकाउंट पर फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने की कोशिश में लगा हुआ था। आदित्य मुंबई में रहता है। उसका टू बीएचके फ्लैट है। कुछ वर्ष पहले उसके मम्मी-पापा की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह उनकी अकेली संतान है। बस उसके दादाजी हैं, जो मुंबई से दूर एक गांव में रहते हैं। जब तक मम्मी -पापा रहे तब तक वह उनसे मिलने जाता था। उसके बाद वह कभी गांव नहीं गया। अभी वह अपना मोबाइल देख ही रहा था कि दरवाजे की घंटी बजी। उसने जाकर दरवाजा खोला। सामने एक बुजुर्ग आदमी थे।

'जी कहिए..।'

'तुम निशिकांत के पोते आदित्य हो?'

'जी, आप कौन?'

'मैं दयाल! निशिकांत ने मुझे भेजा है। उसकी तबीयत बहुत खराब है। शायद अब ज्यादा जीवित न रहे। मरने से पहले तुमको देखना चाहता है। मेरे साथ अभी गांव चलो।'

'अभी! एकदम से?'

'हां, नहीं तो शायद तुम अपने दादाजी को आखिरी बार भी ना देख सको।'

'देखिए, अभी मेरे पास बहुत सारे जरूरी काम पेंडिंग हैं। ऐसा करिए, आप जाकर उनसे कह दीजिएगा, मैं रविवार को आऊंगा। हां मेरा मोबाइल नंबर भी लेते जाइए। मुझे फोन पर दादाजी से बात करा दीजिएगा।'



दयाल निराश होकर वापस लौट गए। आदित्य चंद मिनटों तक दादाजी के बारे में सोचता रहा। जैसे ही उसे फॉलोअर्स का ख्याल आया वह उन्हें भूल गया। उसके हाथ तेजी से मोबाइल पर चलने लगे। अगले दिन सुबह-सुबह उसके पास फोन आया, 'तुम्हारे दादाजी नहीं रहे।' दयाल की ही आवाज थी।

'ओह! मैं आता हूं।' आदित्य ने कहा। उसने फौरन अपने बैग में दो जोड़ी कपड़े लिए और गांव के लिए रवाना हो गया। करीब पांच-छह घंटे का रास्ता था। मगर जिस ट्रेन में वह बैठा था, वह जगह-जगह रुक रही थी। छह घंटों में वह आधे रास्ते भी न पहुंच सका। अगले स्टेशन पर पहुंचकर वह ट्रेन से उतर गया और गांव जाने वाली बस पकड़ ली। मगर दुर्भाग्य कि बीच में सड़क धंसने से बस आगे न जा सकी। गांव अब भी तीस किलोमीटर दूर था। वह बाइक सवारों से लिफ्ट लेता हुआ किसी तरह गांव पहुंचा। तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूरज ढल चुका था। अंधेरा हो रहा था। हर ओर सूनापन फैल रहा था। दादाजी के घर के दरवाजे पर कुछ महिलाएं खड़ी थीं। उसने उनसे दादाजी के बारे में पूछा।

'हमें लगा अब तुम नहीं आओगे। इसलिए गांव वाले उनको श्मशान घाट ले गए।' वह श्मशान घाट की ओर दौड़ा। उसके दादाजी का शव चार लोग अपने कंधे पर उठाए चले जा रहे थे। पीछे-पीछे ढेर सारे गांव वाले थे। वह वहीं ठिठक गया। उसे तो लगा था, उसके बिना दादाजी को भला कौन कंधा देगा। मगर यहां तो पूरा गांव है दादाजी के पीछे। गांव वालों ने चिता सजाई और दादाजी का शव अग्नि को समर्पित कर दिया। आदित्य भीड़ के पीछे ही ठिठका रहा, आगे नहीं आया। तभी उसके मोबाइल पर नोटिफिकेशन आया 'बधाई हो! आपके फॉलोवर्स की संख्या एक लाख दस हजार हो गई है।' *

**-सरस्वती रमेश**

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## जिंदगी@मगनपुर इस्टेट

वरिष्ठ कथाकार गोविंद उपाध्याय का तीसरा उपन्यास 'जिंदगी@मगनपुर इस्टेट' हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इस नॉस्टेल्जिक उपन्यास का मुख्य पात्र एक बुजुर्ग शख्स विमान भौमिक है, जो मगनपुर इस्टेट में बिताए अपनी किशोरावस्था के दिनों को याद करता है। लेकिन उसमें कहीं भी भावुकता का अतिरेक या पुराने दिनों के प्रति मोह की सांद्रता नजर नहीं आती है। वो खिलंदड़े अंदाज में बीती हुई घटनाओं को याद करता है। पिछली सदी के सातवें-आठवें दशक के बीच की पृष्ठभूमि पर रचा गया यह उपन्यास, उस दौर के मध्यवर्गीय परिवार के किशोरों की जीवनशैली, उनके सपने, उनकी बचकानी हरकतें और छोटी-छोटी खुशियों को भी बटोर लेने की उनकी ललक को बहुत रोचक तरीके से सामने लाता है। हालांकि इस उपन्यास का कथानक और उसमें उपस्थित सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन जो भी लोग लेखक को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, वो सहज ही इस उपन्यास के कथा-तंतुओं से वास्तविक छवि को बुन सकते हैं। लेखक के किस्सागोई के अंदाज में पाठक को बांधे रखने का जादुई सामर्थ्य है। *




**पुस्तकः** जिंदगी@मगनपुर इस्टेट (उपन्यास)
**लेखकः** गोविंद उपाध्याय, **मूल्यः** 299 रुपए,
**प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, दिल्ली

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## 10 हजार करोड़ का गड्ढा

10 अक्टूबर की विष्णुदेव कैबिनेट की बैठक अलग मोड में हुई। फूड और मार्कफेड के अफसर प्रेजेंटेशन दे रहे थे और मंत्रिपरिषद सुन रही थी। बैठक में यहां तक बात आ गई कि अगर धान खरीदी की यही स्थिति रही तो एकाध साल बाद धान खरीदने की स्थिति नहीं रहेगी। आज की तारीख में मार्कफेड पर 38 हजार करोड़ का लोन है और इस साल ओवर परचेजिंग से राज्य के खजाने को 8 हजार करोड़ की चपत लग चुकी है। दरअसल, दिक्कत किसान और धान से नहीं, दिक्कत धान की रिसाइकलिंग और राईस माफियाओं के खेल से है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का ग्राफ इस तेजी से बढ़ रहा कि अच्छे-अच्छे कृषि वैज्ञानिक हैरान हैं। पुराने लोगों को याद होगा, 2002-03 में मात्र 18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। 20 साल में यह नौ गुना बढ़ गई। जबकि, खेती का रकबा तेजी से कम हो रहा है। ये कहना भी कुतर्क होगा कि रेट बढ़ने से धान ज्यादा बोए जा रहे हैं। आखिर पहले भी सिर्फ धान बोए जाते थे...और कोई फसल लगाए नहीं जाते थे कि उसे बंद कर अब धान बोया जा रहा। जाहिर है, 2024-25 में सारे रिकार्ड तोड़ते हुए धान खरीदी 149 लाख मीट्रिक टन पर पहुंच गई। जबकि, जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में वास्तविक धान 100 से 110 लाख मीट्रिक टन होना चाहिए। याने बिचौलियों और अधिकारियों की मिलीभगत से की जाने वाली रिसाइकलिंग और दूसरे प्रदेशों से आने वाले अवैध धानों को रोक दिया जाए तो सीधे-सीधे 30 से 35 लाख मीट्रिक टन की फर्जी खरीदी रुक जाएगी। बता दें, 2024-25 में भी लिमिट से अधिक खरीदी से धान का डिस्पोजल नहीं हो पाया और खुले बाजार में नीलामी से करीब दो हजार करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा। बहरहाल, पहली ही बार में पूरे लूज पोल तो बंद नहीं किए जा सकते। फिर भी अगर रिसाइकलिंग और बिचौलियों पर अंकुश लगाकर 25 से 30 लाख मीट्रिक टन धान की फर्जी खरीदी अगर रोक दी गई तो खजाने का करीब 10 हजार करोड़ बचेगा, जो माफियाओं, राईस मिलरों, अधिकारियों और नेताओं की जेब में जाता है।

## नारी शक्ति को कमान

राज्य सरकार ने धान खरीदी में भ्रष्टाचार को रोकने दो महिला आईएएस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। रीना बाबा कंगाले इस समय सिकरेट्री फूड और किरण कौशल एमडी मार्कफेड। सीएम सचिवालय ने इसकी प्लानिंग पहले ही कर ली थी। इसी रणनीति के तहत रीना को रेवेन्यू का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इसका फायदा यह हुआ कि उन्होंने राजस्व अमले से धान की फसल का क्रॉप सर्वे करा लिया। पटवारियों से गिरदावरी रिपोर्ट भी ले ली गई। अब ग्राम पंचायतों में उसे पढ़कर बताया जा रहा कि इस इलाके में एक एकड़ में इतना धान होना संभावित है। याने बिचौलियों की अब नहीं चल पाएगी। अभी तक जिन खेतों में एकड़ में 15 क्विंटल धान नहीं होते थे, वहां 21 क्विंटल का क्लेम किया जा रहा था। उपर से कैबिनेट ने ऑनलाइन धान खरीदी पर मुहर लगा दी है। भारत सरकार के साफ्टवेयर से किसानों का पंजीयन किया जाएगा। मोबाइल ऐप्प से टोकन मिलेगा और फिर बायोमेट्रिक भी होगा। जाहिर है, सिस्टम की कवायद सही रही तो राईस माफियाओं और अधिकारियों को बड़ी चोट पड़ेगी।

## छत्तीसगढ़, धान और गरीबी

कृषि अर्थशास्त्री धान को गरीबी से जोड़ते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी हमेशा कहते थे कि छत्तीसगढ़ में धान और गरीबी दोनों एक-दूसरे की पूरक है। मध्यप्रदेश के समय कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया कि छत्तीसगढ़ में खेती का ट्रेंड बदला जाए। राज्य बनने के बाद अजीत जोगी ने जरूर फसल चक्र परिवर्तन के तहत मक्का, मिलेट और दलहन-तिलहन के लिए कोशिशें शुरू की थीं। मगर इसके कुछ अरसा बाद ही सरकार बदल गई। फिर दो दशक में फसल चक्र की चर्चा में नहीं आया। जबकि, फैक्ट है कि दूसरी फसलें कई गुना ज्यादा आमदनी दे सकती हैं। धान में एकड़ पर 20 हजार से ज्यादा नहीं बचता, वहीं मिलेट या दूसरी फसलें लगाएं तो 40 से 50 हजार रुपए की बचत हो सकती है। राजनांदगांव में छुरिया और कांकेर के पखांजूर इलाके के किसान मक्का के अलावा कुछ लगा नहीं रहे हैं आजकल।

## आईपीएस दुखी

आईपीएस रॉबिंसन गुड़िया के नारायणपुर जिले के एसपी बनाने की वजह से 2020 बैच के आईपीएस दुखी हुए जा रहे हैं। उन्हें मलाल है कि बैच में जूनियर होने की वजह से रॉबिंसन को पहले एसपी बनने का मौका कैसे मिल गया। हालांकि, ये कोई पहली बार नहीं हुआ। परिस्थितिवश कई बार कलेक्टर, एसपी बनाने में उपर-नीचे हो जाता है। और...ऐसे कहें तो फिर ऋचा शर्मा को विकास शील के साथ काम ही नहीं करना चाहिए। विकास शील बैचवाइज उनसे जूनियर हैं। एसपी में बैच की सीनियरिटी को सुपरसीड कभी-कभार हो पाता है। कलेक्टरों में तो अक्सर होते रहता है। 2014 में तो 2007 बैच की शम्मी आबिदी से पहले 2008 बैच के आईएएस भीम सिंह धमतरी के कलेक्टर बन गए थे। 2013 बैच में विनीत नंदनवार चौथे नंबर पर थे, मगर कलेक्टर बनने का अवसर उन्हें पहले मिल गया। इसलिए, 2020 बैच के आईपीएस अधिकारियों को ज्यादा सेंटिमेंटल होने की जरूरत नहीं। अमित कुमार को उन्हें बुलाकर समझा देना चाहिए।

## डीएफओ कांफ्रेंस का हिस्सा

अभी तक कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस में डीएफओ को कभी शामिल नहीं किया गया। मगर 13 अक्टूबर को कलेक्टर के साथ डीएफओ की भी सीएम क्लास लेंगे। डीएफओ को कांफ्रेंस में शामिल करने का मकसद यह है कि छत्तीसगढ़ में 40 फीसदी से अधिक जंगल है। सरकार पर्यटन पर फोकस कर रही है और सूबे में पर्यटन पर जो काम हुए हैं, वह अधिकांश फॉरेस्ट एरिया में ही हैं। उसमें फॉरेस्ट का सहयोग रहा है। वन पट्टा से कल-कारखानों को जमीन देने में फॉरेस्ट क्लियरेंस की जरूरत पड़ती है। इस लिहाज से इस बार डीएफओ को अबकी इम्पॉर्टेंस दिया गया है।

## सिकरेट्री, कलेक्टरों का बढ़ा बीपी

कलेक्टर-एसपी-डीएफओ कांफ्रेंस इस बार अलग अंदाज में हो रहा है। एक तो होटलों या कॉफी हाउस की बजाए मंत्रालय के पांचवे फ्लोर पर सीएम सचिवालय के जस्ट बगल में बने नए ऑडिटोरियम में बैठक होगी, उपर से सचिवों का भी इस बार विभागवार प्रेजेंटेशन होगा। सोशल सेक्टर पर सरकार ज्यादा जोर दे रही, इसलिए सबसे अधिक टाईम स्कूल एजुकेशन, हेल्थ और महिला बाल विकास के एजेंडा को दिया गया है। पीडब्लूडी जैसे विभाग जिसका कलेक्टरों से खास संबंध नहीं होता, उसका कोई एजेंडा नहीं है। सारे जिलों का प्रेजेंटेशन सबके सामने डिस्प्ले होगा। जाहिर है, मुख्य सचिव नए हैं, उनके सामने पुअर पारफर्मेंस पर लाल बत्ती जलेगी तो कलेक्टरों की धड़कनें भी बढ़ेंगी। उधर, मुख्य सचिव विकास शील ने सचिवों को निर्देश दिया है कि उनके विभाग से संबंधित मिनिट्स तुरंत तैयार कर लें।

## सिकरेट्री तेज, विभाग कमजोर!

हेल्थ सिकरेट्री अमित कटारिया वीरेंद्र सहवाग टाईप आगे बढ़कर खेलने वाले ब्यूरोक्रेट्स माने जाते हैं। रायपुर, रायगढ़ में पोस्टिंग के दौरान उन्होंने काम अच्छा किया था। मगर डेपुटेशन से लौटने के बाद स्वास्थ्य विभाग को ट्रेक पर लाने की उनकी कोशिशें सफल नहीं हो पा रही। अस्पतालों में दवाइयों से लेकर उपकरणों की खरीदी करने वाला सीजीएमएससी बैठ गया है। आलम यह है कि वीवीआईपी जिलों के अस्पतालों में दवाइयां नहीं मिल रही। जहां सिविल सर्जन ठीक हैं और कलेक्टर से उनका कोआर्डिनेशन हैं, वहां लोकल लेवल पर कामचलाउ दवाइयां खरीद जा रही मगर बाकी जगहों का भगवान मालिक हैं। दरअसल, दुर्ग और महासमुंद की कंपनी सीजीएमएससी के लिए दलाली का काम करती थी, उस पर कार्रवाई के बाद दवा खरीदी का सिस्टम बंद हो गया है। एसीबी और ईडी की कार्रवाई के बाद दोनों कंपनियों के साथ ही सीजीएमएससी के खटराल लोग जेल में है। अमित कटारिया को सबसे पहले सीजीएमएससी को ट्रैक पर लाना चाहिए, वरना जितनी देरी होगी, सरकार के लिए उतनी मुसीबतें बढ़ेंगी। और हां...कम-से-कम वीआईपी जिले को पर तो एक्स्ट्रा फोकस करना ही चाहिए।

## कलेक्टर अच्छे, मगर...

सरकार ने अधिकांश बड़े और महत्वपूर्ण जिलों में कलेक्टर तो अच्छे तैनात कर दिए हैं मगर उनके अधीनस्थों की पूछेंगे तो सारे कलेक्टर व्यथित मिलेंगे। सरकार को देखना चाहिए कि सभी में नहीं तो कम-से-कम आठ-दस बड़े जिलों में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर अच्छे अधिकारियों को तैनात किया जाए। दो जिले की खबर है...सीएमओ, डीईओ और डिप्टी डायरेक्ट एग्रीकल्चर पेड पोस्टिंग कोटे से बड़े जिले तो पा लिए मगर उन्हें विभाग की बेसिक चीजें नहीं पता। ऐसे में, सरकार कितना भी तेज-तर्रार कलेक्टर पोस्ट कर दें, उसे फेल होना ही है। आखिर, अच्छे कप्तान को अच्छा हैंड भी तो चाहिए। मुख्य सचिव विकास शील और पीएस टू सीएम सुबोध सिंह को इसे भी देखना चाहिए।

## कलेक्टर से पहले मंत्रालय

सीएम सचिवालय ने प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कलेक्टर बनने से पहले अब मंत्रालय की पोस्टिंग जरूरी करने जा रहा है। सिस्टम में बैठे लोगों का मानना है कि मंत्रालय में डिप्टी सिकरेट्री के तौर पर एक पोस्टिंग कर लेने के बाद कलेक्टर बनने पर बहुत सारी चीजें उसके लिए इजी हो जाएगी। क्योंकि, मंत्रालय के सिस्टम से वह भलीभांति वाकिफ रहेगा। वैसे छत्तीसगढ़ में अफसरों की कमी थी, इसलिए इस पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। वरना, तेलांगना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में ये सिस्टम पहले से है। सरकार इस पर विचार कर रही कि आईएएस में आने के बाद कम-से-कम सात साल बाद जिलों में कलेक्टर बनाया जाए। मध्यप्रदेश के दौर में आठ-नौ साल से पहले जिले की कलेक्टरी नहीं मिलती थी। कई बार 10-10 साल हो जाता था। अभी भी दूसरे राज्यों में ये पीरियड सात-से-आठ साल है। देश में अभी सिर्फ छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है, जहां छह साल में कलेक्टरी मिल जा रही। आईएएस के तौर पर मैच्योरिटी कम होने से जिलों में कलेक्टरों की वर्किंग प्रभावित हो रही। छत्तीसगढ़ में कलेक्टर नाम की संस्था पंगु होती जा रही, इसके पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।

## अंत में दो सवाल आपसे?

1. *क्या ये सही है कि छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी पार्टी के नेताओं द्वारा सेल्फ गोल मारे जा रहे हैं?*
2. *हर सरकारें कहती हैं, पुलिस कर्मियों को बस्तर में अब रोटेशन के आधार पर पोस्टिंग दी जाएगी, मगर धरातल पर वह उतर क्यों नहीं पाता?*

# जैकेट के शेष

## एयरपोर्ट से नवा ....

वहीं स्थापना दिवस पर राज्योत्सव का उद्घाटन भी करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य को बने हुए इस एक नवंबर को 25 साल पूरे हो जाएंगे। ऐसे में राज्य में रजत जयंती समारोह मनाया जाएगा। इस बार का राज्योत्सव रजत जयंती वाला होगा। इसको यादगार बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने कई तरह की तैयारी की है। ऐसे में इस रजत जयंती स्थापना वर्ष के कार्यक्रमों के लिए प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रायपुर बुलाने का फैसला किया। इसी के साथ प्रधानमंत्री से ही नवा रायपुर में नए विधानसभा भवन का भी लोकार्पण कराने की योजना तैयार की।

## विमानतल पर होगा ...

प्रदेश के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में विमानतल पहुंचेंगे। यहां पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति से उनका पंथी नृत्य सहित कई पारंपरिक नृत्यों के साथ भव्य स्वागत होगा। विमानतल से जब पीएम मोदी का काफिल रवाना होगा तो रास्ते में कई स्थानों पर उनका नया रायपुर पहुंचने तक भव्य स्वागत होगा।

## ब्रम्हाकुमारी के शांति ....

गया है। इस केंद्र में ध्यान, कार्यशालाओं और आध्यात्मिक सत्रों का आयोजन हागा। आधुनिक जीवन की भागदौड़ से दूर आंतरिक शांति खोजने के लिए एक आदर्श स्थान होगा। इसमें ध्यान केंद्र, आधुनिक सभागार, प्रशिक्षण कक्ष और एक थिएटर जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। यहां नियमित रूप से विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम, कार्यशालाओं और ध्यान सत्र का आयोजन होगा।

## चीन ने रेयर अर्थ ....

अवगत है। जिसमें वो अपने बनाए तमाम उत्पादों पर निर्यात पाबंदियां लगा रहा है। दुनिया का कोई भी देश इससे अछूता नहीं रहेगा। सभी पर इसका प्रभाव पड़ेगा। जो चीन की सालों पुरानी योजना का हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हमने ऐसा कभी नहीं देखा है। जिसमें कोई देश नैतिकता में गिरावट लेकर बाकी के साथ व्यवहार कर रहा है। यहां ध्यान देने वाली बात ये भी है कि मामले में चीन ने केवल अमेरिका का उल्लेख किया है। बाकी देशों का नहीं। जिसे देखते हुए अमेरिका ने भी 1 नवंबर से चीन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का निर्णय लिया है। जो कि वर्तमान में चीन पर लगाए गए किसी भी अन्य टैरिफ के ऊपर होगा। साथ ही 1 नवंबर से अमेरिका चीन से आने वाले किसी भी और सभी जटिल सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि चीन ने ऐसा कोई निर्णय लिया है। लेकिन उन्होंने ऐसा किया है। बाकी सब इतिहास है। गौरतलब है कि चीन ने हाल ही में रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर सख्त निर्यात नियंत्रण लागू किए हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्टफोन, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन दुनिया को बंधक बना रहा है और अपनी सप्लाई चेन की ताकत का दुरुपयोग कर रहा है। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच इस महीने होने वाली एपेक बैठक पर भी अनिश्चितता छा गई है। ट्रंप ने कहा, मैं राष्ट्रपति शी से दो हफ्तों में मिलने वाला था, लेकिन अब शायद इसकी जरूरत नहीं है। भारत के संदर्भ में टैरिफ को देखें तो अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी के चलते भारत पर सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसका भारत ने साफ शब्दों में विरोध करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। साथ ही नई दिल्ली ने ये भी कहा है कि ऐसे समय में जब अमेरिका स्वयं रूस के साथ व्यापार जारी रखे हुए है तो फिर भारत से उसे कैसी नाराजगी? प्रधानमंत्री मोदी का भी कहना है कि भारत की सरकार अपने देश के घरेलू ऊर्जा हितों की पूर्ति के लिए चल रही तेल की खरीद प्रक्रिया को जस का तस बनाए रखेगी।

## अब नहीं होगी ...

मुझे दो हफ्ते बाद दक्षिण कोरिया में एपेक शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलना था, लेकिन अब ऐसा करने का कोई कारण नहीं दिखता। उन्होंने चेतावनी दी कि ये टैरिफ बहुत हैवी हो सकते हैं, जिससे वाशिंगटन और बीजिंग के बीच ट्रेड वार यानी व्यापार युद्ध फिर से भड़क सकता है।

## साय बोले : प्रदेश में खेती ....

विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, सांसद और विधायक भी वर्चुअली रूप से जुड़े थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रत्न जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख की जयंती के दिन आज देश कृषि आत्मनिर्भरता का नया इतिहास रच रहा है। आज से प्रारंभ हुई दोनों योजनाएं देश के अन्नदाताओं को सशक्त बनाने और कृषि आत्मनिर्भरता के नए युग की शुरुआत है। खेती को लाभकारी और आधुनिक बनाने की दिशा में यह पहल मील का पत्थर सिद्ध होंगी। उन्होंने बताया कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में भारत का कृषि निर्यात बढ़ा है, शहद उत्पादन, पशुपालन, मत्स्यपालन सहित सहायक कृषि गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि विकास के पैरामीटर में पिछड़ रहे जिलों के लिए केंद्रित आकांक्षी जिला योजना के माध्यम से सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से सुधार का काम हुआ है। ठीक उसी तरह प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत खेती किसानी में पिछड़े देश के 100 जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 36 नई योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा किसानों की भागीदारी से खेती की तस्वीर बदलेगी और किसानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों और आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया गया है। यह मिशन न केवल कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम है, बल्कि देश में पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी प्रयास है। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्रोटीन अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए हमें मिलकर दलहन उत्पादन की सशक्त व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत अपनी दलहन आवश्यकताओं को पूर्ण रूप से पूरा नहीं कर पा रहा है। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से दाल उत्पादन में वृद्धि होगी और लगभग दो करोड़ दाल उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा और गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सदस्य सौरभ साहेब, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शाहला निगार, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, कृषि संचालक राहुल देव, राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम एमडी अजय अग्रवाल, उद्यानिकी विभाग के संचालक एस.जगदीशन राव, मत्स्य विभाग के संचालक नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान** : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का बोलबाला है। जीएसटी में बड़ा रिफॉर्म हुआ है। जीएसटी रिफॉर्म के बाद एक दिन मैं एक ट्रैक्टर शो रूम में गया, यहां आकर मुझे पता चला कि एक ट्रैक्टर के पीछे 40,000 से 60,000 तक की राशि बचत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टॉल देखने के दौरान यहां मुझे एक किसान भाई मिले जिन्होंने हार्वेस्टर खरीदा, उन्हें एक लाख रुपए से भी अधिक की भी बचत का फ़ायदा मिला। यह देखकर बड़ी ख़ुशी होती है कि हमारे किसान भाइयों को इतना फायदा मिल रहा है।

## 800 करोड़ के ....

नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि जांच एजेंसियों को सबूत जुटाने और गवाह तैयार करने में पसीना आ रहा है। आयकर से जुड़े कानून की वजह से घूस देने वाले गवाह बनने के लिए तैयार नहीं। अगर वे गवाह बनते हैं तो उन्हें तय आयकर से तीन गुना जुर्माना देने के साथ कार्रवाईयों का सामना भी करना पड़ेगा।

**लेने वाले अंदर, देने वाले बाहर** : राज्य में पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए कई घोटालों की एक लंबी फेहरिस्त है। मोटे तौर पर देखा जाए तो शराब घोटाला, डीएमएफ घोटाला, कोल घोटाला, सहित अन्य कुछ मामले हैं, इन मामलों की जांच केंद्रीय एजेंसी, ईडी, आईटी, सीबीआई, राज्य सरकार की एजेंसी एसीबी, ईओडब्ल्यू, आदि कर रहीं है। इन मामलों में एक दर्जनों आरोपी पकड़े जा चुके हैं, कुछ की तलाश जारी है। अब तक केवल रिश्वत लेने वालों को ही पकड़ा जा सका है। वे सारे लोग अभी सामने नहीं आए हैं जिन्होंने यह राशि दी है। आर्थिक अपराध के इन मामलों में आयकर विभाग की भी भूमिका होती है। केंद्रीय एजेंसी इस बात का पता लगाती है कि रिश्वत किसने दी और वह रकम कहां से लाई गई। इसी आधार पर अभियोजन की कार्यवाही चलती है।

## समय सीमा की ....

लॉन्ड्रिंग के मामलों में कुछ बिंदुओं पर गोपनीयता भी बरतने का कानून है। अगर ईडी या सीबीआई तुरंत टैक्स रिकॉर्ड नहीं पा सकें,तो मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत कमजोर पड़ जाते हैं।

## ये है कानूनी ....

आईटी एक्ट 1961 की धारा 138 के तहत किसी भी टैक्सपेयर्स की जानकारी गोपनीय मानी जाती है। इनकम टैक्स विभाग सरकारी एजेंसियों (जैसे सीबीआई. ईडी, एसीबी या पुलिस ) को जांच के हित में सरकार की अनुमति से जानकारी दे सकती है। इसके अलावा कोर्ट के आदेश पर यानी किसी न्यायालय द्वारा आदेश मिलने पर जानकारी दी जा सकती है। जानकारों के मुताबिक यह कानूनी प्रक्रिया की वजह से जांच की रफ्तार को कम कर देती है।

## कोई गवाही के ...

को तलाशना मुश्किल होता है, और यह हो रहा है। आयकर विभाग को यह गवाही देने कोई तैयार नहीं हो रहा है कि उसने रिश्वत दी है। पैसा देने वाला कोई भी व्यक्ति अपना गुनाह कबूल नहीं कर रहा है क्योंकि इससे वो कानूनी कार्रवाई में फंस सकता है साथ में जो पैसा दिया है उसके बारे में आयकर को जानकारी भी देनी पड़ेगी की आखिर इतना पैसा कहां से आया। इससे उन्हें आयकर विभाग को तीन गुना पेनाल्टी भी देनी होगी और साथ ही क़ानूनी पेंच में भी फँसना पड़ेगा।

## एचआईवी महिला मरीज ....

शपथपत्र प्रस्तुत करें। अदालत ने कहा कि यह कृत्य न केवल अमानवीय है बल्कि नैतिकता और निजता के अधिकार का घोर उल्लंघन है। रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल की शर्मनाक हरकत पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है और कहा है कि इस तरह की गलती दुबारा ना दोहराई जाए इसकी व्यवस्था करनी जरूरी है।

दरअसल रायपुर के डा. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में नवजात शिशु के पास एक पोस्टर लगाया गया, जिसमें यह लिखा था कि बच्चे की मां एचआईवी पाजिटिव है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पोस्टर गाइनो वार्ड में भर्ती मां और नर्सरी वार्ड में रखे नवजात बच्चे के बीच लगाया गया था। जब बच्चे का पिता अपने शिशु को देखने पहुंचा तो उसने यह पोस्टर देखा और भावुक होकर रो पड़ा। मीडिया में यह खबर आने के बाद कोर्ट ने संज्ञान लिया और कहा कि अदालत ने कहा कि यह अत्यंत अमानवीय, असंवेदनशील और निंदनीय आचरण है, जिसने न केवल मां और बच्चे की पहचान उजागर कर दी बल्कि उन्हें सामाजिक कलंक और भविष्य में भेदभाव का शिकार भी बना सकता है।

## जीवन और गरिमा ....

कालेजों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की गोपनीयता सुनिश्चित करने की वर्तमान व्यवस्था क्या है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के क्या कदम उठाए गए हैं। डॉक्टरों, नर्सों और पैरा-मेडिकल स्टाफ को कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए भविष्य में क्या उपाय प्रस्तावित हैं।

# पेज एक के शेष

## पंख बढ़े, तादाद बढ़ी...

वजह से जंगल और आकर्षक और सुंदर नजर आने लगे हैं। छत्तीसगढ़ का राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना अपनी मधुर आवाज और आकर्षक रूप रंग के लिए प्रसिद्ध है। यह पक्षी मुख्य रूप से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के घने जंगलों का निवासी है। जब कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहाड़ी मैना की संख्या में कमी दर्ज की गई, तब वन विभाग कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा इनके संरक्षण के लिए बस्तर पहाड़ी मैना संरक्षण एवं संवर्धन परियोजना प्रारंभ की गई। इस परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यान से लगे ग्रामीण युवकों को मैना मित्र के रूप में शामिल किया गया ताकि उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जा सके और साथ ही संरक्षण कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## प्रजनन काल...

जैसे-जैसे मानसून करीब आता है यह इनके प्रजनन काल के अंत का संकेत होता है। इस अवधि में वन विभाग के कर्मचारी और मैना मित्र दोनों ही इनके आवास की सुरक्षा और घोंसलों के संरक्षण में सक्रिय रूप से जुटे रहते हैं।

## इसलिए बढ़ रही ...

का प्रतीक बनाती हैं। राज्य में इसके संरक्षण और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इन पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान और अवैध व्यापार जैसे खतरों से बचाने हेतु वन विभाग द्वारा सतत सतर्कता बरती जा रही है।

## सिमटा कफ सिरप का ...

है। खासकर बच्चों को दी जाने वाली दवाओं की डिमांड पूरी तरह खत्म हो गई है। रिटेलर अपना स्टॉक क्लीयर करने और दवा के थोक व्यापारी कफ सिरप का नया आर्डर आने का इंतजार कर रहे हैं। सर्दी-खांसी का मौसम आने वाला है मगर छिंदवाड़ा और राजस्थान में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत के मामले से लोग सहमे हुए हैं। भले ही ठंडी आने में वक्त है, मगर इसके पहले ही दवा बाजार में इसकी मांग आधी से भी कम रह गई है। बच्चों में होने वाले साइड इफेक्ट के बाद बड़े भी खांसी की इन दवाओं से सहमे हुए हैं। इसे लेकर लोगों ने अतिरिक्त सावधानी बरतनी शुरू कर दी है। पूर्व में मौसमी खांसी होने के तत्काल बाद कफ सिरप का उपयोग करने वालों ने भी इससे दूरी बना ली है। इसका सीधा असर दवा बाजार पर हुआ है। दवा कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ठंड आने से पहले सर्दी-खांसी की दवाओं के साथ कफ सिरप की डिमांड काफी रहती है, मगर इस बार थोक व्यापारी डिमांड का इंतजार कर रहे हैं। रिटेलर अभी अपना पुराना स्टाक क्लीयर करने में लगे हुए हैं, क्योंकि इन दवाओं की नियमित मांग आधी से भी कम हो चुकी है।

**सैंपलों की रिपोर्ट का इंतजार** : इधर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बाजार से उठाए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

## चिकित्सकों का ...

इलाज किया जाना चाहिए। आमतौर पर डाक्टर सभी को कफ सिरप देते हैं, मगर शिशु रोग विशेषज्ञ इन दवाओं से परहेज कर समस्या की वजह का इलाज करने पर जोर देते हैं।

## प्रभावित तो ...

तमाम दवाओं को बाजार में लाने के पहले विभागीय स्तर पर जांच का सिस्टम बनाना चाहिए। केवल कंपनियों की लैब रिपोर्ट के आधार पर इसे विश्वसनीय मानना ठीक नहीं है। जांच के दायरे में जेनेरिक दवाओं को भी लाने की आवश्यकता है।

## अयोध्या के 56 ...

नौवां दीपोत्सव-2025 अब तक का सबसे भव्य और ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है। सरयू नदी के तट के 56 घाटों पर लगभग 28 लाख दीपों के प्रज्वलन के लिए 28 लाख दिए बिछाए जाएंगे, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगा।

## राजनीति में भी बड़ा दिल होना चाहिए : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति में व्यक्ति को बड़ा दिल रखना चाहिए और मतभेद होने के बावजूद सभी विरोधियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। वह सुरेश (बाबू) अग्रवाल के 'अमृत महोत्सव' सम्मान समारोह में बोल रहे थे। गडकरी ने उन्हें कॉलेज के दिनों से मित्र और राम मनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा का अनुयायी बताया।


**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**वर्ष 2025-26 के लिए खेल-कूद कोटा के अंतर्गत भर्ती**

रोजगार सूचना सं. एनईआर/आरआरसी/एसक्यू/2025-26 दिनांक : 09.10.2025

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय | 11.10.2025, 10:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय | 10.11.2025, 18:00 बजे |

पूर्वोत्तर रेलवे में वर्ष 2025-26 के लिए खेलकूद कोटा (खुला विज्ञापन) के अंतर्गत विभिन्न खेलों के लिए लेवल–2/3/4/5 (ग्रुप 'सी') के 21 पदों तथा लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी') के 28 पदों पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें। अध्यक्ष,

मुजाधि/आर.आर.सी.-03 रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.CAOCWATETCEC3 VSKP2025010, दिनांक :07.10.2025

कार्य का नाम : "मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/विशाखापट्टनम के अधीन पूर्व तट रेलवे (पैकेज-2) में वाल्टियर मण्डल के दूसी (DSI)-विजयनगरम (VZM) के बीच तीसरी लाइन से संबंधित दोनों तरफ 100 मीटर लम्बाई के लिए पहुंच व फॉर्मेशन के साथ महत्वपूर्ण एवं बड़े (Major) पुल का निर्माण एवं अन्य संबंधित सहायक कार्य।"

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 2,17,73,35,797.95, EMD (रुपये में) : 1,00,00,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 महीने

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.11.2025 को 1200 बजे।

[illegible] उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। [illegible] निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारा (निर्माण)/ विशाखापट्टनम

PR-127/CI/25-26

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मोतीबाग कार्यशाला, नागपुर**

**ICF / LHB बोगियों के कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, मोतीबाग कार्यशाला, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

निविदा सूचना सं.: एमआईडब्ल्यू-2025-19-06-09-4 दिनांक: 04.10.2025

कार्य का विवरण: मोतीबाग कर्मशाला, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF/LHB बोगियों की स्ट्रिपिंग, स्प्रिंग्स की ओवरहालिंग व अन्य गैर-कोर गतिविधियाँ, 01 वर्ष के लिए।

अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 2,10,99,830/- (रु. दो करोड़ दस लाख निन्यानवे हजार आठ सौ तीस मात्र), सभी कर सहित, बयाना राशि: ₹ 2,55,500/- (रु. दो लाख पचपन हजार पांच सौ मात्र), अनुबंध की अवधि: 01 (एक) वर्ष, निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।

निविदा जमा करना: निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल्य/संविदा बोलियां केवल दिनांक 27.10.2025 के 11:00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। ऐसे प्रस्तुत किए गए मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

उपरोक्त निविदा सम्बंधित विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यशाला प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर

FL/30-144

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.42/ET/SBP/ENGG/2025-26, दिनांक : 03.10.2025

(1) ई-निविदा सं.35-eT-DENS-SBP-25

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/मुनिगुड़ा अधिकार क्षेत्र के अधीन थेरुबाली में कम्पाउंड वॉल, ट्रॉली शेड, नया कर्मचारी आवास के सामने स्थित RCC कॉलोनी सड़क के प्रावधान द्वारा कॉलोनी का रख-रखाव।

कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) : 97,15,577.80, बिड सिक्यूरिटी (रुपये में) : 1,94,400/-।

(2) ई-निविदा सं.36-eT-DENS-SBP-25

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/मुनिगुड़ा अधिकार क्षेत्र के अधीन लांजीगढ़ रोड-जूनागढ़ रोड एवं बारला रोड-विजयनगरम [illegible]

कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) : 1,12,72,724.08, बिड सिक्यूरिटी (रुपये में) : 2,06,400/-।

(3) ई-निविदा सं.52-eT-DENE-SBP-25

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के झारसुगुड़ा [illegible] सीमित ऊंचाई वाले उपमार्ग (LHS) का [illegible]

कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) : 3,29,22,283.52, बिड सिक्यूरिटी (रुपये में) : 3,14,700/-।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.10.2025 को 1500 बजे [illegible]

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-672/Q/25-26

**कार्यालय नगर पंचायत छुरा, जिला – गरियाबंद (छ.ग.)**

Email ID – cmochoora@rediffmail.com, Phone No. – 07701299439

क्रमांक / 1053/ न.पं./ लो.नि.वि./2025-26 — **ई – निविदा आमंत्रण सूचना** — छुरा, दिनांक : 10/10/2025

नगर पंचायत छुरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - दिनांक 06.11.2025 समय - सायं 03:00 बजे तक।
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - दिनांक 10.11.2025 समय - सायं 04:30 बजे

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर न. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 177437 | कार्यालय नगर पंचायत छुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी (ठेका पद्धति) के माध्यम से उच्च कुशल, कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक कार्य पर रखने हेतु। | 31.61 | 24000.00 | "A" | 1500.00 | 12 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा दस्तावेज, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

टीप:- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी. डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुरा, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम,अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2307/स्वा.वि./न.पा.नि./2025 अम्बिकापुर, दिनांक 10/10/2025

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के स्वास्थ्य शाखा द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न सफाई कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा सिस्टम टेंडर नंबर 177451, 177454, 177456 एवं 177458 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई. प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


## शब्द पहेली - 6016

**बाएँ से दाएं**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6015 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 6026

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | | 7 | | | 1 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | | 7 | 6 | 4 | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 6025 का हल**

[illegible]

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥



Care for You

NABH ACCREDITED — PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE

## बेहतर इलाज, आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञ
वी वाय हॉस्पिटल में सबका भरोसा।

## विश्वस्तरीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ

- जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- हड्डी रोगों की चिकित्सा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- गैस्ट्रो एण्ड गैस्ट्रो सर्जरी
- कैंसर रोग एवं सर्जरी
- इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
- मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी
- श्वसन एवं छाती रोग
- मूत्र रोग सर्जरी
- नाक, कान व गला रोग
- हृदय रोग एवं सर्जरी
- वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
- पेन (दर्द) प्रबंधन
- बर्न व प्लास्टिक सर्जरी
- दंत रोग एवं मेक्सिल्लोफेशियल सर्जरी
- स्त्री रोग
- चर्म रोग
- नेफ्रोलॉजी और गुर्दे प्रत्यारोपण

- कैंसर रेडिएशन सुविधा उपलब्ध
- किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
- अत्याधुनिक लेजर पद्धति एवं मिनिमल इनवेसिव सर्जरी सुविधा




छ.ग. शासन, आयुष्मान भारत योजना तथा सभी इंश्योरेंस संस्थाओं से मान्यता प्राप्त

**वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर**
We care for your Health

0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur



epaper : www.haribhoomi.com
# हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152


## Appointment आवश्यकता

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** बहानाकाडी मंदिर हसौद पोल फैक्ट्री में चौकीदार कि आवश्यकता हैं, जो फैक्ट्री में रहकर कार्य कर सके **संपर्क करें.-** 88271-50000.(RO-6739)

### हाउसकीपिंग/गार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर पेट्रोल पंप पर कर्मचारी की 8वीं, 10वीं पास पार्टटाइम फुलटाइम हाउसकीपिंग गार्ड भी **संपर्क करें:-** 9425522234. (रहने की सुविधा उपलब्ध है)(RO-313)

### मैनेजर/ऑफिसर

**आवश्यकता है-** सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर- 22000/- असिस्टेंट मैनेजर- 21000/- अकाउंट क्लर्क/ ऑफिस क्लर्क- 16000/-, दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए मैनेजर- 21000/- रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के लिए स्टोर होल्डर- 18000/- बिलिंग क्लर्क/ बिल चेकर/ एमटीएस 15000/- सफाई कर्मी- 10700/- आवेदन ईमेल करें- hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 15.10.2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें। **संपर्क:-** 9685726593.(RO-305)

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में मैनेजर कार्य हेतु-2, ऑफिस कार्य-2, हेल्थ वर्कर-3,युवक/युवतियों की आवश्यकता है। वेतन 8000 - 12000, अनुभवी को प्राथमिकता MO.- 62682-79954. (आरो न.-1669)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** वामा डेयरी प्रा. लि. (गाया) को BMW, Jaguar, Grand Vitara, Nexon EV, Honda Elevate जैसे ऑटोमैटिक वाहनों के लिए अनुभवी ड्राइवर चाहिए। वॉक-इनः सोम–शनि, दोप. 2–5 बजे ( ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड साथ लाएं) **पता - हाउस ऑफ गाया, शॉप नं 2, पैराडाइज़, पंडरी, रायपुर।** (RO-6734)

**आवश्यकता है-** घरेलु वाहन एवं एम्बुलेंस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है रहने की सुविधा **संपर्कः- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर** 0771-2425009.(RO-311)

**आवश्यकता है-** घरेलु वाहन चलाने के लिए ड्रायवर की आवश्यकता है कृपया संपर्क करें। 9009108903.(RO-523)

### मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** मेडिकल इक्विपमेंट (Medical equipments) की मार्केटिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है .Contact AG ENTERPRISES KAMAL VIHAR RAIPUR M- 9329358582, 8435958582.(RO-25873)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** सुपेला भिलाई में स्थित आटो रिक्शा के शोरूम में 2 सेल्समैन, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर (पुरूष/महिला), 1 रिसेप्शनिष्ट कम टेलीकॉलर (महिला), 1 ऑटो मैकेनिक एवं 1 सर्विस इंचार्ज की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार मो.- 92024-36887.(आरो न.-4105)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्स मैनेजर

Suresh MASALE
सुरेश मसाले भाटापारा क्षेत्र के लिए 1 सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है।
अनुभवी व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
आकर्षक वेतन
15,000 + कमीशन
संपर्क करें: 9827110505, 8602029234

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु लड़के, सेल्समेन, सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, **सम्पर्कः- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर संपर्क समय** 10:30- 9:00, मो. 9425522577, 9425522576.(RO-306)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्कः- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर** (RO-6737)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है. **रायपुरा चौंक.**8839105162.(RO-398)

### मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** सीमेंट एवं पावर प्लांट बलौदाबाजार के लिए मार्केटिंग एकजीक्यूटिव की आवश्यकता है अनुभवी और बलौदाबाजार के निवासियों को प्राथमिकता। **सम्पर्क करें- किशोरी ट्रेडर्स, बिलासपुर** 9425543537, 8305812310. (RO-38872)

### रिसेप्शनिस्ट/नर्स

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य हेतु प्रशिक्षित, अनुभवी रिसेप्शनिस्ट नर्स (GNM.ANM, पैरामेडिकल) एवं आया मदर की आवश्यकता है। मिले 11 से 5 तक **केजीएन नर्सिंग होम फव्वारा चौक के पास बैरन बाजार रायपुर** 9425502209, 9893042201.(RO-6735)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता है-** इंदौर भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-** 9893029618, 9685913389. (RO-418)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10 वी, 12वी व स्नातक अविवाहित / विवाहित लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सैलेरी + कमीशन + बोनस के साथ कामये 10000 से 15000 हजार महीने आदि ? **पताः- स्टेशन रोड महासमुंद मोः-** 8450086905, 9893029618.(RO-417)

### इंजीनियर/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** नंदिनी (अहिवारा)स्थित स्टील फैब्रिकेशंस प्लांट हेतु, अनुभवी फैब्रिकेटर - 5,क्वालिटी इंजीनियर-5, प्रोडक्शन सुपरवाइजर-5 (अनुभवी), फीमेल ऑफिस स्टाफ-4 (अनुभवी/ गैरअनुभवी), मेंटेनेंस फिटर-2 इलेक्ट्रीशियन टेक्नीशियन-2, इलेक्ट्रीशियन -2, ठेकेदार-5( रहने खाने की सुविधा है) **मो** -91315-34571, 97111-15583.(आरो न.-4107)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### नर्सिंग स्टाफ/आया

**आवश्यकता है-** टाटीबंध, रायपुर नर्सिंग होम, ट्रेनी स्टाफ (12 वी)। नर्सिंग स्टाफ (ANM,GNM)। आया बाई। वेतन योग्यतानुसार। रहने की सुविधा । **मो.9826077576,समय** 1-2 PM (RO-0063)

### अन्य

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 1270 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही रिटायर फौजी सैलरी (25500+52500) पढ़ाई 8-वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा) - 7054311719 (RO-1183)

## Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्कः-** APS इंटरप्राइजेस, **रायपुर-** 9111760925, 9977676447, **बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-** 8827848099. (RO-302)




## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** त्यौहारी ऑफर दुर्ग में चंदखुरी भाठा कुथरेल खार में प्लॉट ही प्लॉट पुलगांव चौक से मात्र 10 मिनट की दूरी पर 551 रुपए फिट में उपलब्ध रजिस्ट्री डायवर्सन फ्री **संपर्क** 9770047215, 6260058087.(आरो-1662)

**प्लॉट बेचना है -** VIP एयरपोर्ट रोड, रजवाड़ा रिजॉर्ट से लगा हुआ, ड्रीम सिटी के अंदर, रायपुर प्राइम लोकेशन पर 100x100 (10000) Sqft का प्लाट बेचना है। रेट 2500/- Sqft **संपर्क करें:-** 9893163953, 7869138009.(RO-300)

### बंगला

**FOR SALE -** 4 BHK Bunglow for Sale in Amlidih, Las vista society. Plot area 2500 sqft, Constructed area 4550 Sqft with modern amenities. Ready to Move In. Contact: 6291050343.(RO-242)

### मकान

**मकान बेचना है-** दुर्ग हाऊसिंग बोर्ड कोलिहापुरी में स्वतंत्र मकान शीघ्र बेचना है। जिसमें फ्री होल्ड बैंक फाइनेंस की सुविधा केवल लेने वाले की **संपर्क करें:-मो.-** 95755-51373.(आरो न.-4106)




## For Rent किराया

**किराये से देना है-** शुभम कॉरपोरेट में चौथे माले पर स्थित 1082 वर्गफीट कमर्शियल ऑफिस मे फर्नीचर लगा हुआ रेंट पर देना है **संपर्क करें मोबाइलः-** 7489927241, 9685020314.(RO-312)

**किराये से देना है-** बिल्डिंग किराए से देना है ऑफिस, बैंक, या गोडाउन, के लिए. 5200 स्क्वायर फीट लोकेशन **पचपेड़ी नाका नियर लाल गंगा बिजनेस पार्क संपर्क करें-** 9111583887, 7869995706.(RO-6738)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।


Healthcare





## हमारा आशियाना




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विज्ञप्ति संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजों और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## वैवाहिकी

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
बंगाली 47 वर्ष
स्वयं का व्यापार
वर हेतु सुन्दर, सुशिक्षित वधु चाहिए
जाति बंधन नहीं
सन्तान सहित भी स्वीकार
मैरिज ब्यरो क्षमा करें
सम्पर्क करें- 6268373521

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए-** सरयूपारी ब्राह्मण पुत्र जन्मतिथि 04.07.1990, रायपुर हाइट 5' 10" सॉफ्टवेयर इंजीनियर, प्रथम श्रेणी, सीएस वीटीयू भिलाई से, व्यवसाय- बिजनेस हॉबीज, म्यूजिक, ऑटोमोबाइल, पिता रिटायर्ड गजटेड ऑफिसर, माता गजटेड क्लास वन ऑफिसर। सभी जातियों से ब्राह्मण संपर्क करें। -9826430448. (6736)

## CLASSIFIED RATE CARD

हरिभूमि — समाचार ही नहीं, विचार भी
01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

**SCHEME**

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152


खुशखबरी... खुशखबरी...
जय श्री बालाजी
खुशखबरी... खुशखबरी...
ONLY FOR
3-DAYS
Sun/Mon/Tuesday
श्री बालाजी गारमेंट सेल
3- दिनों
के लिए
रवि/सोम/मंगलवार
हैण्डलूम व रेडीमेड गारमेंट्स की विशाल सेल
रायपुर के गुरुतेग बहादुर भवन में लगने वाली एशिया की सबसे बड़ी डिस्काउंट सेल
जिसमें आपको रिटेल नहीं होलसेल ने डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर कपड़े दिए जा रहे हैं
गारमेंट्स में इतना बड़ा डिस्काउंट ना आपने कभी सुना होगा ना कभी सुन पाएंगे
500/- में 4 शर्ट
500/- में 3 टी-शर्ट
500/- में 2 फॉर्मल पैंट
1200/- में 3 बैगी पैंट
1200/- में 3 जींस
(साइज 28 से 40)
बेडशीट (MRP 1599/-) 299/-, 99/-
सोफा कवर 599/-
परदे (MRP 1000/- से 1500/-) 99/-, 199/-
टेबल कवर (MRP 800/- से 1000/-) 49/-
डाइनिंग टेबल कवर 299/-
रायपुर के इतिहास में पहली बार
साड़ियों का महाऑफर
अब साड़ियों में मची लूट ही लूट... वो भी ऑफर के साथ
युवतियों एवं गृहणियों के उड़े होश...
ना जाने कहाँ से आया इतनी सस्ती और
किफायती साड़ियों का सेल?
90% OFF
50 हजार पीस साड़ियों का महाभारी स्टॉक
यह सिर्फ सम्भव हुआ है श्री बालाजी रेडीमेड कपड़ों की सेल में
अब इससे सस्ता और अच्छा कहीं भी नहीं...
जो साड़ी हमने 500, 600 एवं 700 रु तक में बेचे हैं, वह मात्र 199/- में
अब लेन-देन एवं वैवाहिक पार्टीवियर साड़ियों के रेट में
अब ये आपका और हमारा आखिरी सौदा होगा... इसके बाद आप भूल जाइए कि इतनी सस्ती साड़ियां आपको और कभी मिलेगी भी।
★ 3000 से 4000 रु वाले ब्रांडेड जीन्स ....... मात्र 699 एवं 1499 में
★ 2000 से 2500 रु वाले ब्रांडेड शर्ट ............ मात्र 399 एवं 699 में
★ 1500 से 2000 रु वाली ब्रांडेड टी-शर्ट ..... मात्र 249 एवं 499 में
FREE PARKING
गुरुतेग बहादुर हॉल
FREE ENTRY
गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर
sumit

# दिवाली बोनस का करें सही इस्तेमाल कर सकते हैं अपने लिए बड़ी बचत

म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट प्लान या कर्ज चुकाने में लगाएं, जरूरतों के लिए 30%, इच्छाओं के लिए- 30%, वेल्थ बनाने के लिए-40% प्रयोग करें

तोहफा | बिजनेस डेस्क

"'बोनस को बांटने की प्रक्रिया में परिवार को जरूर शामिल करें, ताकि हर कोई मस्ती और अनुशासन के बीच बैलेंस समझे।' इस तरह समझदारी से खर्च और स्मार्ट निवेश के साथ आपका दिवाली बोनस न सिर्फ त्योहार को खास बनाएगा, बल्कि आपके भविष्य को भी बेहतर बनाने के काम आ सकता है।

दिवाली को महज कुछ दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में हर साल दिवाली पर ज्यादातर कंपनियां अपने कर्मचारियों को बोनस देती हैं। यह बोनस हमारे लिए खुशियों का तोहफा भी होता है, साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का मौका भी। हालांकि अक्सर होता यह है कि जैसे ही बोनस हाथ में आता है, हम शॉपिंग, नई चीजें खरीदने और शौक पूरे करने में पैसा खर्च कर देते हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस पैसे का स्मार्ट उपयोग क्या हो सकता है। इसका आप कहां सही इस्तेमाल कर सकते हैं। कैसे अपनी वेल्ल्थ बना सकते हैं या कर्ज उतार सकते हैं।

### स्मार्ट तरीके से बांटें : सही बैलेंस बनाएं

बोनस को खर्च करने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि इसे दो हिस्सों में बांट लें-एक हिस्सा त्योहार मनाने के लिए और दूसरा भविष्य की जरूरतों के लिए। बाजार के जानकारों के अनुसार बोनस का 50% हिस्सा त्योहार और लाइफस्टाइल पर खर्च करें और बाकी 50% म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट या कर्ज चुकाने जैसे लॉन्ग-टर्म गोल्स के लिए रखें। अगर आपके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारियां हैं, तो तीन हिस्सों में बांट सकते हैं। जैसे:-

- जरूरतों के लिए- 30%
- इच्छाओं के लिए- 30%
- वेल्थ बनाने के लिए- 40%

### जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें।

इसे बांटने का हर किसी का तरीका अलग हो सकता है। 'अपने बोनस को अपनी जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें। अगर आपके ऊपर हाई-इंटरेस्ट कर्ज है, तो 60-70% बोनस उसको चुकाने में लगाएं।'



### सेलिब्रेशन के लिए बजट बनाएं

त्योहार की खुशी फाइनेंशियल टेंशन में न बदल जाए इसके लिए सही बजट बनाना जरूरी है। 'पहले अंदाजा लगाएं कि त्योहार में कितना खर्च होगा-गिफ्ट्स, घूमने-फिरने, सजावट, ट्रैवल और धार्मिक रस्मों पर।' इस खर्च को अपने बोनस और रेगुलर इनकम के साथ मिलाकर देखें। इससे आपको एक फिक्स्ड बजट मिलेगा और आप बाकी पैसों को पहले ही निवेश में डालकर अपने गोल्स को प्रायोरिटी दे सकते हैं।

### स्मार्ट तरीके से सेलिब्रेट करें

त्योहारों में ओवरस्पेंडिंग का खतरा हमेशा रहता है। 'बोनस को 'एक्स्ट्रा' पैसा समझकर फूंक न दें।' क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन लेकर शॉपिंग करना तो बिल्कुल अवॉइड करें, क्योंकि इनके इंटरेस्ट रेट्स बहुत ज्यादा होते हैं और ये कर्ज के जाल में फंसा सकते हैं। बिना कर्ज के सेलिब्रेशन के लिए क्रिएटिव तरीके अपनाएं। 'पॉटलक गैदरिंग्स करें, दीया डेकोरेशन बनाएं या अर्ली-बर्ड ट्रैवल डील्स का फायदा उठाएं।'

### हाई-इंटरेस्ट कर्ज चुकाएं

अपने बोनस का कुछ हिस्सा क्रेडिट कार्ड के बिल, पर्सनल लोन या किसी भी हाई-इंटरेस्ट कर्ज को चुकाने में लगाएं। इससे भविष्य में आपका पैसा बचेगा। 'सबसे पहले अपने कर्ज की लिस्ट बनाएं, सबसे ज्यादा इंटरेस्ट वाले कर्ज को पहले चुकाएं। यहां तक कि आंशिक पेमेंट भी लोन की अवधि और टोटल इंटरेस्ट को कम कर सकता है।' अगर आपके पास महंगा कर्ज है, तो नए निवेश से पहले इसे चुकाना प्रायोरिटी होनी चाहिए।

### निवेश की स्ट्रैटजी

निवेश के लिए ऑप्शन्स आपकी जरूरतों पर निर्भर करते हैं। '3 साल से कम की अवधि के लिए लिक्विड फंड्स या रिकरिंग डिपॉजिट्स में निवेश करें। मीडियम से लॉन्ग-टर्म के लिए डायवर्सिफाइड इक्विटी म्यूचुअल फंड्स या इंडेक्स फंड्स चुनें।' अपने पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन के लिए सोवरेन गोल्ड बॉन्ड्स या गोल्ड ईटीएफ भी जोड़ सकते हैं। महत्वपूर्ण है कि रिटर्न और लिक्विडिटी में बैलेंस बनाएं, ताकि आपका शॉर्ट-टर्म पैसा रिस्क में न आए। दिवाली बोनस आपके फाइनेंशियल गोल्स को तेजी से पूरा करने का मौका है। 'बोनस या तो एक हफ्ते की शॉपिंग में खत्म हो सकता है या सालों तक आपके लिए काम कर सकता है। इसे फाइनेंशियल फिटनेस का बूस्टर समझें।'

# आईबी ग्रुप के फिश फीड प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी ने किया राष्ट्र को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अमेठी



भारत में फिशरी सेक्टर को नई मजबूती प्रदान करते हुए देश की सबसे बड़ी प्रोटीन उत्पादक कंपनी, एबीस फूड्स एंड प्रोटींस प्राइवेट लिमिटेड (आईबी ग्रुप), के जगदीशपुर स्थित एबीस फिश फीड प्लांट का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिलान्यास किया। 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' के तहत आयोजित इस भव्य समारोह में देश भर से 6000 से अधिक मत्स्य पालक व व्यापारी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देश के मत्स्य किसानों से संवाद करते हुए उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित कियासाथ ही प्रोटीन की जरूरत को महत्व देते हुए अपने भोजन में प्रोटीन पोषण को जोड़ने की बात कही ताकि युवा पीढ़ीऔर सभी लोगों को आवश्यक पोषण मिल सके।

### बहादुर अली ने पीएम मोदी और यूपी के सीएम का जताया आभार

इस अवसर पर आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह प्लांट प्रदेश सरकार के सहयोग के बिना संभव नहीं था, जिनकी नीतियों ने राज्य में मछली उत्पादन को इतना बढ़ाया कि हमें यहां प्लांट लगाना पड़ा। यह प्लांट हमारे किसान भाइयों के विकास के लिए है। हम उन्हें न केवल विश्वस्तरीय फीड, बल्कि अपना तकनीकी सहयोग भी प्रदान करेंगे। आईबी ग्रुप प्रधानमंत्री जी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# बालको 'मिलियन टन क्लब' में शामिल होने के लिए तैयार एल्यूमिनियम के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता होगी मजबूत



बालकोनगर। भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक और वेदांता एल्यूमिनियम की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी 1 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) विस्तार परियोजना के तहत देश के सबसे बड़े 525 किलो एम्पीयर (केए) स्मेल्टर से पहली बार धातु का उत्पादन कर भारतीय एल्यूमिनियम उद्योग में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस तकनीकी प्रगति ने 378 केए के पूर्व राष्ट्रीय मानक को पीछे छोड़ दिया है और विभिन्न मानदंडों, दक्षता और प्रचालन उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने की ओर अग्रसर है। नए 0.435 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता के स्मेलटर के प्रारंभ होने के साथ बालको की कुल एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता एक मिलियन टन प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही कंपनी 'मिलियन टन क्लब' के चुनिंदा वैश्विक उत्पादकों में शामिल हो जाएगी। यह विस्तार भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' विजन के अनुरुप है। रक्षा, एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, विनिर्माण और विद्युत पारेषण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए घरेलू स्तर पर उत्पादित, उच्च गुणवत्ता वाले एल्यूमिनियम की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित कर बालको ने देश की आत्मनिर्भरता नए आयाम दिए हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने स्मेल्टर के विस्तार पर कहा, 'मिलियन टन क्लब में प्रवेश कर बालको ने भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में नई इबारत लिखी है। एल्यूमिनियम राष्ट्रीय महत्व की धातु है जिसका उपयोग रणनीतिक क्षेत्रों और दैनिक जीवन में व्यापक रूप से किया जाता है। इस विस्तार के माध्यम से हम न केवल घरेलू क्षमता को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं।

# 'फंड ऑफ फंड्स' में करें निवेश, दोनों हाथों में रहेंगे लड्डू

बिजनेस डेस्क

सोना और चांदी की कीमत इस समय रॉकेट की रफ्तार से भाग रही है। वहीं, फेस्टिव सीजन के कारण इसकी कीमत में और तेजी आ सकती है। अगर आप धनतेरस पर सोना और चांदी दोनों में निवेश करना चाहते हैं तो ' कॉम्बो फंड ऑफ फंड्स ' एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकते हैं। दरअसल, इस समय म्यूचुअल फंड कंपनियां निवेशकों को दोनों धातुओं में आसानी से निवेश करने का मौका दे रही हैं। इसके लिए वे डुअल-एसेट पैसिव फंड्स (ऐसे फंड जो सोने और चांदी दोनों में निवेश करते हैं) लॉन्च कर रही हैं। पिछले दो साल में सोने की कीमत करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, औद्योगिक मांग और सप्लाई में कमी के कारण चांदी भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में निवेशक महंगाई से बचने और अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए गोल्ड और सिल्वर फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) की ओर रुख कर रहे हैं।

### अलग-अलग निवेश की जरूरत नहीं

डुअल-एसेट पैसिव फंड्स में निवेश के बाद सोना और चांदी, दोनों में अलग-अलग निवेश करने की जरूरत नहीं पड़ती। यानी आप फिजिकल सोना-चांदी खरीदे या अलग-अलग ईटीएफ में निवेश किए बिना दोनों की तेजी का फायदा उठा सकते हैं। इस नई कैटेगरी में चार बड़े फंड्स सामने आए हैं। इनमें कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ और मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ शामिल हैं।

### 1. कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

- यह फंड 20 अक्टूबर 2025 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक सिर्फ 100 से निवेश शुरू कर सकते हैं।
- इसका मकसद कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करके लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न कमाना है।
- यह एफओएफ एक खास क्वांटिटेटिव मॉडल का इस्तेमाल करता है। यह मॉडल सोने और चांदी की कीमतों के उतार-चढ़ाव के आधार पर अपने आप तय करता है कि किस धातु में कितना पैसा लगाना है।

### 2. मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

इस फंड में शुरुआत में 50:50 का आवंटन होता है, लेकिन सोने-चांदी के अनुपात (गोल्ड-सिल्वर रेश्यो) व महंगाई, ग्लोबल ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती जैसे बड़े आर्थिक संकेतकों के आधार पर यह अनुपात बदलता रहता है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो 0.18% है और 7 अक्टूबर 2025 तक इसका एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट- फंड में कुल जमा राशि) 67 करोड़ रुपये था।

### 3. एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ

यह फंड सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था। यह भारत का सबसे पुराना डुअल-मेटल फंड है और हाल के दिनों में धातुओं की तेजी से इसने काफी फायदा उठाया है। इसमें 500 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं।

### 4. मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ

यह फंड अक्टूबर 2022 में लॉन्च हुआ था और इसने पिछले दो सालों में एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। यह फंड 69.34% आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल गोल्ड ईटीएफ में और 30.17% निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ में निवेश करता है।









बिजनेस साइट

## बालको मेडिकल सेंटर को मिला 'हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड 2025'



रायपुर। नवा रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर को दिल्ली में आयोजित समारोह में 'एफआईसीसीआई हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 'रोगी देखभाल एवं सेवा वितरण' श्रेणी में बीएमसी की पहल 'केयर बियॉन्ड ट्रीटमेंट' के लिए प्रदान किया गया। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर कैंसर रोगियों की मदद के लिए शुरू की गई है। इसके अंतर्गत रियायती आवास, निशुल्क परिवहन, पोषण सहायता और उपचार फंड की सुविधाएं शामिल हैं। यह पुरस्कार नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा की ओर से बीएमसी की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिरोही ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई मरीज सिर्फ संसाधनों की कमी के कारण उपचार से वंचित न रहे।

## डॉ. नरेंद्र अग्रवाल क्लीनिक : सर्दियों में त्वचा की देखभाल के लिए विश्वसनीय ठिकाना



रायपुर। सर्दियों में त्वचा की देखभाल को लेकर अगर आप परेशान हैं तो राजधानी यपुर के बैरन बाजार और सिटी कोतवाली के पास स्थित डॉ. नरेंद्र अग्रवाल क्लीनिक आपके लिए एक भरोसेमंद विकल्प है। क्लीनिक के संचालक डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, अनुभवी त्वचा रोग विशेषज्ञ हैं, जो वर्षों से मरीजों को स्किन संबंधी समस्याओं से राहत दिला रहे हैं। डॉ. नरेंद्र अग्रवाल का कहना है कि सर्दियों में त्वचा रूखी, फटी और बेजान हो सकती है, लेकिन सही देखभाल से इससे बचा जा सकता है। वे सलाह देते हैं कि लोग गुनगुने पानी से नहाएं, नहाने के तुरंत बाद गाढ़ा मॉइस्चराइजर लगाएं और रोजाना सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। साथ ही, होंठों की देखभाल के लिए लिप बाम और त्वचा की नमी बनाए रखने के लिए संतुलित आहार जरूरी है। अगर आपकी त्वचा में खुजली, जलन या एलर्जी के लक्षण हैं, तो डॉ. नरेंद्र अग्रवाल से परामर्श लेना फायदेमंद रहेगा। उनका क्लीनिक आधुनिक सुविधाओं और व्यक्तिगत देखभाल के लिए जाना जाता है।






## भारत ने पहली पारी 518/5 रन पर घोषित, वेस्टइंडीज 4 विकेट पर 140 रन

# वेस्टइंडीज बैकफुट पर, टीम इंडिया ने खेली 500 प्लस की पारी, शुभमन का शतक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल के करियर के दसवें टेस्ट शतक और रविंद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां एक और बड़ी जीत की उम्मीद जगा दी। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह भारत से अभी 378 रन पीछे है। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच पारी और 140 रन से जीता था और अगर यहां उसे फॉलोऑन देने का मौका मिलता है तो वह इससे नहीं हिचकिचाएगा।

गिल पारी समाप्ति की घोषणा करके पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वह जल्द से जल्द मैच समाप्त करना चाहते हैं। भारत की पारी के आकर्षण यशस्वी जायसवाल (258 गेंदों पर 175 रन) और कप्तान शुभमन गिल (196 गेंदों पर नाबाद 129 रन) के शतक रहे। इन दोनों के अलावा साई सुदर्शन (87) ने अर्धशतक बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन (98 रन देकर तीन विकेट) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे।





### जडेजा ने आखिरी सेशन में भारत को किया हावी

रविंद्र जडेजा ने ही भारत को दूसरी सफलता दिलाई। उन्होंने चंद्रपॉल (34) के बल्ले का बाहरी किनारा हासिल किया और पहली स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। कुछ देर बाद कुलदीप की गेंद पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश करते हुए अथानजे मिडविकेट पर जडेजा को आसान सा कैच दे बैठे। अगले ओवर में विंडीज कप्तान रोस्टन चेज बिना खाता खोले लौट गए। जडेजा ने उन्हें अपनी ही गेंद पर लपक लिया।

### गिल ने ब्रेडमैन को पीछे छोड़ा

गिल ने दिल्ली के मैदान पर इंडीज के खिलाफ पहली पारी में अपना शतक 177 गेंदों पर पूरा किया। गिल ने पहली पारी में 129 रन बनाए और नाबाद रहे। ये उनके टेस्ट क्रिकेट करियर का 10वां साथ ही इंडीज के खिलाफ पहला शतक रहा। अपने इस शतक के दम पर गिल ने डॉन ब्रेडमैन को पीछे छोड़ दिया। दरअसल गिल ने बतौर कप्तान अपना 5वां टेस्ट शतक लगाया और वो सबसे कम पारियों में कप्तान के तौर पर ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने। गिल ने ये कमाल सिर्फ 12 पारियों में किया जबकि ब्रेडमैन ने ऐसा 13 पारियों में किया था।

### कोहली के बराबर पहुंचे शुभमन

गिल ने भारतीय कप्तान के रूप में एक कैलेंडर साल में 5 टेस्ट शतक लगाने का कमाल किया और विराट कोहली की बराबरी कर ली। कोहली ने टेस्ट प्रारूप में भारतीय कप्तान के रूप में दो बार एक कैलेंडर वर्ष में 5 शतक लगाने का कमाल किया था। कोहली ने ऐसा साल 2017 और 2018 में किया था। शुभमन गिल अब इस मामले में कोहली की बराबरी पर आ गए। गिल ने अपनी कप्तानी के पहले ही साल में टेस्ट में 5 शतक लगाने का कमाल किया और ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने।

**रोहित का रिकॉर्ड ब्रेक :** गिल का डब्ल्यूटीसी में 10वां शतक ही रहा। इस टेस्ट शतक के साथ गिल ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, जो इससे पहले डब्ल्यूटीसी में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर थे और इसकी संख्या 9 थी। गिल अब रोहित को पीछे छोड़कर डब्ल्यूटीसी में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल रन आउट | 175 | 258 | 22 | 0 |
| राहुल स्टं इमलाच बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन एलबीडब्ल्यू बो वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 129 | 196 | 16 | 2 |
| रेड्डी कॉ जेडेन सील्स बो वारिकन | 43 | 54 | 4 | 2 |
| जुरेल बो रोस्टन चेज | 44 | 79 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 134.2 ओवर में 518/5 रन

**गेंदबाजी :** जेडन सील्स 22-2-88-0, एंडरसन फिलिप 17-2-71-0, जस्टिन ग्रीव्स 14-1-58-0, खैरी पियरे 30-2-120-0, जोमेल वारिकन 34-6-98-3, रोस्टन चेज 17.2-0-83-1

| वेस्टइंडीज पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल का सुदर्शन बो जडेजा | 10 | 25 | 2 | 0 |
| चंद्रपाल का राहुल बो जडेजा | 34 | 67 | 4 | 0 |
| अथांजे का जडेजा बो कुलदीप | 41 | 84 | 5 | 1 |
| शाई होप नाबाद | 31 | 46 | 5 | 0 |
| चेज का एवं बो जडेजा | 00 | 7 | 0 | 0 |
| इमलाच नाबाद | 14 | 31 | 2 | 0 |

अतिरिक्त 10, कुल योग: 43 ओवर में 140/4 रन

**गेंदबाजी :** बुमराह 6-3-18-0, सिराज 4-0-9-0, जडेजा 14-3-37-3, कुलदीप 12-3-45-1, वाशिंगटन 7-1-23-0

## 18 साल की अनमोल ने दी विश्व चैंपियन को चुनौती

वंता (फिनलैंड)। उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब का आर्टिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर शनिवार को सेमीफाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से हार के साथ खत्म हुआ। एशियाई टीम चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही फरीदाबाद की 18 साल की इस खिलाड़ी ने दोनों गेम की शुरुआत में जापान की दिग्गज खिलाड़ी को चुनौती दी लेकिन ज्यादा देर तक लय बरकरार नहीं रख सकी।









## जोहोर कपः भारत की शानदार शुरुआत, ब्रिटेन को हराया

**जोहोर बाहरु।** कप्तान रोहित के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन पर 3-2 से जीत के साथ सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोहित (45वें और 52वें मिनट') और रवनीत सिंह (23) ने भारत के लिए गोल किए जबकि माइकल रॉयडेन (26) और कैडेन ड्रेसी (46) ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने अंत तक रोमांचक हॉकी का प्रदर्शन किया लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को 13वें मिनट में दिन का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने यह खतरा टाल दिया। भारत ने गोल करने के अच्छे प्रयासों के साथ शानदार आक्रामक रुख दिखाया, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने भी अपनी रक्षापंक्ति में मजबूती दिखाई। भारत को 16वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन ग्रेट ब्रिटेन के गोलकीपर ने बड़ी बहादुरी से उसे भी बचा दिया। भारत 22वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंच गया था, लेकिन मनमीत सिंह के शॉट को ग्रेट ब्रिटेन के डिफेंस ने रोक दिया। भारत ने आखिरकार अगले ही मिनट में अपना पहला गोल कर दिया।



## इंग्लैंड ने लगाई जीत की हैट्रिक श्रीलंका को 89 रन से हराया

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

कप्तान नटाली साइवर ब्रंट (117 रन) के आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में रिकॉर्ड पांचवें शतक के बाद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन (17 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से चार बार की चैंपियन इंग्लैंड ने श्रीलंका को ग्रुप मैच में 89 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया था।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद साइवर ब्रंट ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 253 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में मदद की। इसके बाद साइवर ब्रंट ने एक्लेस्टोन के साथ गेंदबाजी में भी कमाल किया, जिससे श्रीलंका की टीम 45.5 ओवर में 164 रन पर ढेर हो गई और उसे टूर्नामेंट में दूसरी हार झेलनी पड़ी। एक्लेस्टोन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में (तीन मेडन) 17 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं साइवर ब्रंट ने पांच ओवर में 25 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए, जिससे उनके हरफनमौला प्रदर्शन से उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। चार्ली डीन ने भी दो विकेट लिए जबकि लिन्से स्मिथ और एलिस कैप्से को एक एक विकेट मिला।



### एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में शुभंकर ने बनाई कट में जगह

मैड्रिड। शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शर्मा के 36 होल के संयुक्त कुल स्कोर ने उन्हें मार्च 2025 में हीरो इंडियन ओपन के बाद पहली बार किसी 72 होल की प्रतियोगिता में अपना पहला कट हासिल करने में मदद की।

### कास्पारोव ने दोहराया इतिहास, दो गेम शेष रहते आनंद को हराया



एजेंसी ▸▸| सेंट लुई

गैरी कास्परोव ने क्लच शतरंज लीजेंड्स प्रतियोगिता के 10वें गेम में विश्वनाथन आनंद को हराकर दो गेम शेष रहते मैच जीतकर 30 साल पहले का इतिहास दोहराया। वह 10 अक्टूबर 1995 का दिन था जब आनंद ने न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर कास्पारोव के खिलाफ 20 गेम वाले क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच में 18वें गेम में ड्रॉ खेला और 7.5-10.5 से हार गए। वर्तमान टूर्नामेंट में नियमों के अनुसार अंतिम दो बाजियां ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल के तहत खेली गईं और आनंद ने दो जीत हासिल कीं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और रूस के खिलाड़ी ने पहले ही अपनी जीत पक्की कर दी थी। आखिर में स्कोर 13-11 से कास्पारोव के पक्ष में रहा। उन्होंने इस तरह से 78,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि जीती, जबकि आनंद ने 1,44,000 डॉलर के मुकाबले में 66,000 डॉलर अपने नाम किए। मैच के अंतिम दिन से पहले कास्पारोव ने पांच अंक की बढ़त ले रखी थी। आनंद के पास वापसी का मौका था, क्योंकि अंतिम दिन 12 अंक दांव पर लगे थे और प्रत्येक जीत तीन अंकों की थी।










अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरहंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरपिनार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुड़कुड़ः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़िहाटीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com